महाकवि भासकृत

स्वप्नवासवदत्त

अन्वय, पदार्थ, हिन्दी अनुवाद, व्याकरण,
शब्दार्थकोष तथा छात्रोपयोगी अन्य
आवश्यक सामग्री सहित

सम्पादक
संसारचन्द्र एम. ए. (हिन्दी, संस्कृत),
अध्यक्ष, संस्कृत-हिन्दी-विभाग,
सनातन धर्म कालिज,
अम्बाला छावनी।

प्रकाशक
मेहरचन्द लछमणदास
अध्यक्ष, संस्कृत पुस्तकालय
कूचा चेलां, गली ननौता,
दरियागंज, दिल्ली-६

सन् १९५८

१९१२ ईस्वी में उपर्युक्त नाटको का प्रकाशन हुआ। ये नाटक कुछ निराले ढग के थे। अन्य नाटको की अपेक्षा इनमें एक विशेष अन्तर था। सस्कृत-नाटको मे प्राय प्रस्तावना के आदि में नाटककार का थोडा बहुत परिचय अवश्य होता है। ऐसी ही परिपाटी उस समय सस्कृत-नाटको में प्रचलित थी। परन्तु इन सारे नाटको में इसका सर्वथा अभाव था। इस कारण विद्वानो के आगे यह एक कठिन समस्या थी कि वास्तव में इन नाटको का रचयिता कौन है। नाटककार का निश्चय करने से पूर्व, पहला प्रश्न यह था कि क्या ये सब नाटक एक ही कलाकार की कृतियाँ हैं, अथवा भिन्न-भिन्न कलाकारो की। प० गणपति शास्त्री, प्रो० कीथ, जैकोबी और विन्टरनिट्ज आदि विद्वानो ने बाहर के और भीतर के प्रमाणो के आधार पर सिद्ध किया कि ये सब नाटक एक ही ग्रन्थकार द्वारा लिखे गये हैं। जिन प्रमाणों के बल पर उपर्युक्त निश्चय किया गया, उनमें से कुछेक नीचे उद्धृत किये जाते हैं :—

(१) ये सभी नाटक 'नान्द्यन्ते तत प्रविशति सूत्रधार' के नाटकीय निर्देश से आरम्भ होते हैं। अन्य सब नाटको का प्रारम्भ नान्दी से होता है।

(२) प्रस्तावना बडी सक्षिप्त है।

(३) सभी नाटकों में प्रस्तावना का नाम 'स्थापना' मिलता है।

(४) सभी नाटको को प्राय एक ही प्रकार के भरतवाक्य से समाप्त किया गया है।

(५) नाटकों में परस्पर वाक्यो की समानता, भावो तथा दृश्यो का सादृश्य प्राय. देखने को मिलता है।

(६) कही-कही[1] पात्रो के नाम भी परस्पर मिलते हैं।

---

१ बहुत से नाटको में द्वारपालिका का नाम 'विजया' है। इसी तरह और भी हैं।

(७) नाटको में परस्पर सम्बन्ध भी है। जैसे स्वप्नवासवदत्त[1] और प्रतिज्ञायौगन्धरायण।

(८) सभी नाटक आकार की दृष्टि से लघु हैं।

(९) सभी नाटको में कुछ अपाणिनीय आर्ष प्रयोग मिलते हैं।

(१०) सभी नाटको की भाषा-शैली सरल तथा स्वाभाविक है।

ऊपर लिखे हुए प्रमाणो के अनुसार इस पर दो मत नही हो सकते कि ये तेरह-के-तेरह नाटक, एक ही नाटककार की लेखनी का फल हैं।

इसके बाद दूसरा प्रश्न उठता है कि वह रचयिता है कौन ? इस सम्बन्ध में भी विद्वानो ने पूरी तरह जाँच की है। इन नाटको की भली भान्ति परीक्षा करने के बाद और कुछेक बाहर के प्रमाणो को ध्यान में लाते हुए, वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि वह नाटककार केवल भास ही है। जिन प्रमाणो के बल पर वे लोग, इस निश्चय को दृढ कर सके हैं, उनमें से कुछेक पाठको के विचार के लिए अंकित किये जाते हैं :—

(१) भास एक सफल नाटककार हुआ है। इस तथ्य की पुष्टि में कालिदास तथा बाण की उक्तियाँ प्रमाण हैं। कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' में इसको एक प्रसिद्ध प्राचीन नाटककार माना है। इसी प्रकार बाण ने हर्षचरित की भूमिका में भास का यशोवर्णन करते हुए, इसके नाटको की विशेषताओ के विषय में स्पष्ट रूप से प्रकाश डाला है। जिसके आधार पर भास को एक अच्छा नाटककार होने के अतिरिक्त एक भिन्न शैली[2] का सचालक भी मानना पडता है। बाण द्वारा वर्णित शैली का पालन इन तेरह-के-तेरह नाटको में मिलता है। जिससे भास के इन नाटको के रचयिता होने की सम्भावना अधिक सङ्गत दिखाई देती है।

---

१ प्रतिज्ञायौगन्धरायण की कथा के बाद स्वप्नवासवदत्त की कथा चलती है। ऐसा प्रतीत होता है, मानो दोनो क्रमश. पहला और दूसरा भाग हैं।

२. सूत्रधार-कृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।—हर्षचरित

(२) भास को विद्वानो ने निर्विवाद रूप से प्राचीन नाटककार माना है। इन तेरह नाटको में अनेक स्थलो पर बहुत से पुराने प्रयोग मिलते हैं, जिससे मानना पडता है कि ये नाटक प्राचीन हैं। इसलिए प्राचीन नाटककार भास ही है, जो इनका रचयिता माना जा सकता है।

(३) आचार्य अभिनवगुप्त ने अपनी नाट्यशास्त्र की टीका 'अभिनव भारती' में स्वप्नवासवदत्त को भास कृत ठहराया है। स्वप्नवासवदत्त इन तेरह नाटको में से एक है। जब ये तेरह-के-तेरह नाटक एक ही लेखनी का फल समझे जाते हैं, तो कोई कारण नही कि इन सब का रचयिता केवल भास मानने में कोई आपत्ति उठाई जाय।

(४) राजशेखर को भी भास का बहुत से नाटको का रचयिता होने का ज्ञान था। इसीलिए उसने सूक्तिमुक्तावलि में भास के स्वप्नवासवदत्त की प्रशसा करते हुए उसके नाटक-समूह का निर्देश किया है। ये नाटक-समूह यही तेरह नाटक हो सकते हैं। स्वप्नवासवदत्त के नामोल्लेख से तो स्पष्ट हो जाता है कि भास के नाटक-समूह में से इसका विशेष प्रचार था और यह वही नाटक है जिसका भास निर्विवाद रूप से रचयिता माना जाता है।

इतने प्रबल प्रमाण होने पर भी, कुछेक भारतीय तथा पश्चिमीय विद्वान् इन नाटको को भासकृत मानने के पक्ष में नही हैं। इनमें से प० रामावतार शर्मा और डा० बार्नेट के नाम उल्लेखनीय हैं। चाहे कुछ भी हो, यह कहना ही पडता है कि इन विद्वानो के मतो की भित्ति सदेह ही है। वास्तव में अपने मतो की पुष्टि के लिए इनके पास कोई प्रबल प्रमाण नही है।

भास के सम्बन्ध में—

हम पहले भी बता आये हैं कि भास एक महाकवि और सफल नाटककार हुआ है। इसका यश सारे भारतवर्ष में फैल चुका था। यह स्वीकार करते हुए, हमें खेद होता है कि भारत के इस प्रख्यात कलाकार के सम्बन्ध में हम कुछ नही जानते। इसके जीवन तथा अन्य बातो के विषय में कुछ

भी निश्चयपूर्वक कहना सम्भव नही है । केवल एक अनुमान ही है, जिसका हमें वार-वार सहारा लेना पडता है । इस प्रकार भी जो कुछ हमें पता लगता है, वह इतना अपर्याप्त है कि उससे हम कोई विशेष सामग्री एकत्रित नही कर सकते । परन्तु फिर भी अंग्रेजी की कहावत 'न होने से थोडा ही अच्छा है'[१] के अनुसार कुछ अनुमानित वातें लिखी जाती हैं—

(१) भास वलदेव का उपासक था ।[२]

(२) वह उत्तर भारत का रहने वाला था ।

(३) वह यात्राप्रिय नही था और इसीलिए उसने अधिक यात्रा नही की थी ।

(४) वह स्वर्ग को मानने वाला था तथा उसे स्वर्ग में अप्सराओ की प्राप्ति पर भी विश्वास था ।[३]

(५) भास किसी राजसिंह नाम वाले राजा के राज्य में हुआ था ।[४]

भास का समय—अन्य वातो की तरह भास का समय भी अनिश्चित है । भास कब हुआ, इस सम्वन्ध में ऐतिहासिको के भिन्न-भिन्न मत हैं । पर्याप्त सामग्री के अभाव में, किसी निश्चित परिणाम पर पहुँचना कठिन है । अपने-अपने विचार के अनुसार आलोचको ने ईसा से पांच शताब्दी पूर्व से लेकर पाँच शताव्दी वाद तक के लम्वे समय में, भास का काल निर्धारित किया है । विचार-भिन्नता भी कोई सौ दो सौ वर्षों तक सीमित नही, वरन् १००० वर्ष की लम्वी अवधि को घेरे हुए है । इस अवस्था में भास के काल का प्रश्न एक जटिल समस्या का रूप धारण कर लेता है । फिर भी जो कुछ वातें इस सम्वन्ध में महत्त्व रखती हैं, आगे अङ्कित की जाती हैं—

---

१ Some thing is better than nothing.

२. वलस्य त्वाम् ।—स्वप्न० १.१

३. अनप्सरस्सवास उत्तरकुरुवासो मयानुभूयते ।—स्वप्नवासवदत्त ४. १

४. राजसिंह प्रशस्तु न. ।—स्वप्न ६.१९

(१) 'मालविकाग्निमित्र' में कालिदास ने भास का वर्णन किया है। इससे स्पष्ट है कि भास का स्थितिकाल प्रत्येक अवस्था में कालिदास से पूर्व ठहरता है। परन्तु खेद है कि कालिदास का समय भी संस्कृत-साहित्य का एक उलझा हुआ प्रश्न माना जाता है। फिर भी कालिदास के समय के अन्तर की सीमा बहुत फैली हुई नही है। उसके लिए कई ईसा से एक शताब्दी पूर्व और दूसरे ईसा की चौथी शताब्दी के लगभग का समय निर्धारित करते हैं। छठी शताब्दी वाला फर्गुसन-मत तो अब प्राय निराधार हो चुका है। इसलिए भास हर अवस्था में चौथी शताब्दी से प्राचीन है।

(२) 'मृच्छकटिक' के रचयिता शूद्रक ने अपने नाटक मे भास के 'चारुदत्त' का ही विस्तार किया है। वेल्वल्कर महोदय के शोध के आधार पर इस मत को मान्यता प्राप्त हो चुकी है। इससे भास शूद्रक से प्राचीन सिद्ध होता है। शूद्रक का समय बहुमत से ईसा की तीसरी शताब्दी पूर्व ठहराया जाता है। इससे भास अवश्य (ईसा-पूर्व) तीसरी शताब्दी से पहले हुआ है।

(३) भास के प्रतिमा नाटक के पाचवें अङ्क में बृहस्पतिकृत अर्थशास्त्र[1] का वर्णन है और चाणक्यकृत अर्थशास्त्र का नही है। बृहस्पति का अर्थशास्त्र चाणक्य से प्राचीन है। चाणक्य के अर्थशास्त्र के प्रचलित होने से पहले बृहस्पति के अर्थशास्त्र को मान्यता मिलती थी, इसमें कोई सन्देह नही है। इसलिए भास अवश्य चाणक्य से पहले हुए हैं। चाणक्य का समय बहुमत से ईसा की तीसरी शताब्दी (पूर्व) माना जाता है। इससे हम भास को ईसा की चतुर्थ शताब्दी के प्रारम्भ में या तृतीय शताब्दी के अन्तिम भाग में रख सकते हैं।

(४) भास के पुराने ढग के प्रयोगो को देखकर भी इसकी प्राचीनता माननी पडती है। व्यपाश्रयणा[2], अभ्यवपत्तुकाम[3] इत्यादि प्रयोग

---

१ बार्हस्पत्यम् अर्थशास्त्रम्।—प्रतिमा नाटक।

२ स्वप्न० १ ६ ३ स्वप्न० १ १२

पुराने हैं जो कि अर्थशास्त्र की सस्कृत का अनुकरण करते हैं ।

(५) कई विद्वानो के मत से भास की भाषा अश्वघोष के अधिक समीप है, इसलिए भास अश्वघोष का समकालीन ठहरता है । पश्चिमीय विद्वानो के मतानुसार अश्वघोष की प्राकृत निस्सदेह भास से पुरानी है । इस विचार के अनुसार भास का समय अश्वघोष के बाद ईसा की प्रथम शताब्दी के अन्तिम भाग में वा दूसरी शताब्दी के प्रारम्भिक भाग में निश्चित किया जाता है । इस मत के मानने वालो की सख्या अब बहुत कम होती जा रही है । प्राकृत के प्राचीनता एव अर्वाचीनता के सम्बन्ध मे एकमत होना कठिन है ।

(६) कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण का एक श्लोक[1] उद्धृत किया है जो भास की प्राचीनता का प्रबल प्रमाण है ।

उपर्युक्त प्रमाणो के बल पर, विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि भास का समय ईसा-पूर्व तीसरी अथवा चौथी शताब्दी के आसपास का है । कालिदास और शूद्रक से भास किसी अवस्था में भी अर्वाचीन नही हो सकता ।

भास के नाटको का सक्षिप्त परिचय—

प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इसे स्वप्नवासवदत्त का पूर्वभाग कहा जा सकता है । यह छ अङ्को का नाटक है । इसमें उदयन और वासवदत्ता के प्रेम का वर्णन है, यौगन्धरायण की स्वामि-भक्ति और नीतिपटुता का भी बडा सुन्दर वर्णन है ।

पञ्चरात्र—इसके सारे पात्र महाभारत के हैं, परन्तु कथानक में भारी अन्तर है । महाभारत की कथा का बिल्कुल उलट है । इसमें द्रोण के पाँच दिन के अन्दर पाडवो को ढूंढ कर आधा राज्य दिलाने का वर्णन है । नाट्यशास्त्र के अनुसार यह तीन अको का एक समवकार है ।

चारुदत्त—इसमें निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त और वसन्तसेना के अनूठे

---

१ नव शराव सलिलस्य पूर्णं सुसस्कृत दर्भकृतोत्तरीयम् ।
तत्तस्य मा भून्नरक च गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्यते ।।—अर्थशास्त्र

प्रेम का वर्णन है। इसके केवल चार अङ्क ही हैं और बाकी भाग नही मिलता । शूद्रक के 'मृच्छकटिक' नाटक का यही आधार है।

दूतघटोत्कच—इसमें हिडिम्बा से उत्पन्न भीम के पुत्र घटोत्कच का दूत बनकर दुर्योधन के पास जाने का वर्णन है।

अविमारक—इसमें राजकुमार अविमारक और राजकुमारी कुरङ्गी की प्रेमगाथा बडे सुन्दर ढग से उपस्थित की गई है।

बालचरित—इसमें श्रीकृष्ण जी ने जिस प्रकार बाल्यकाल मे लीला द्वारा पापियो का नाश किया, उसका दिग्दर्शन कराया गया है। नाटक में कृष्ण-जन्म से लेकर कसवध तक की कथा वर्णित है।

कर्णभार—इसमें दानवीर कर्ण के दान का सर्वोच्च आदर्श दिखलाया गया है। इन्द्र का ब्राह्मण-वेष धारण कर कर्ण मे कवच-कुण्डल मांग ले जाना इत्यादि बातो का वर्णन है।

ऊरुभङ्ग—इसमें भीम और दुर्योधन के गदा-युद्ध का वर्णन है। नाटक युद्ध के भावो से भरा हुआ है। इसमें दुर्योधन की मृत्यु का करुणाजनक वर्णन है। इसमें सकलनत्रय का भली भाति पालन किया गया है।

मध्यम व्यायोग—इसमें भीम के भयानक पराक्रम का वर्णन है। किस प्रकार भीम एक क्रूर राक्षस मे ब्राह्मण के लडके की रक्षा करता है, इसका बडा विचित्र वर्णन है।

अभिषेक—इसका आधार रामायण है। इसमें राम-रावण-युद्ध तथा राम-राज्याभिषेक आदि बातो का वर्णन है। इस नाटक में छ अङ्क हैं।

प्रतिमा—इसकी कथा रामायण से ली गई है। इसमें राम-वनवास की बातो से लेकर रावण की मृत्यु तक की घटनाओ का समावेश है। यह सात अङ्को का नाटक है।

दूतवाक्य—इसमें महाभारत के युद्ध को रोकने के लिए श्रीकृष्ण का दूत बनकर दुर्योधन के पास जाने का वर्णन है। दुर्योधन के छलकपट में न फँसकर श्रीकृष्ण जी का निराश होकर लौटना आदि बातें वर्णित हैं।

भास नाटककार के रूप मे—

इतनी बडी सख्या में भिन्न-भिन्न प्रकार के नाटक लिखने के कारण ही भास को सस्कृत-नाट्य-साहित्य में एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। यह एक उत्कृष्ट कवि और सफल नाटककार हैं, नही तो कालिदास जैसे सर्वश्रेष्ठ कलाकार भला क्यो इनकी प्रशसा करते ! इन्होने तेरह नाटक लिखे हैं परन्तु कही भी कथावस्तु की मौलिकता पर आंच नही आने दी। नाटको की कथावस्तु का प्रवाह भी यथोचित रूप से आगे बढता हुआ दिखाई देता है और लम्बे-लम्बे वर्णनो से कही भी नही रुकता। सरलता और स्वाभाविकता इनकी शैली के विशेष गुण हैं और जटिलता छू तक भी नही पाई है। क्लिष्ट शब्द-भण्डार और आडम्बर का नाम तक भी नही है, लम्बे समास कही ढूंढने पर भी नही मिलते।

चरित्रचित्रण की दृष्टि से भी भास एक कुशल नाटककार हैं। स्वप्नवासवदत्त में वासवदत्ता और पद्मावती के चरित्र ऐसे सुन्दर सम्पन्न हुए हैं कि दोनो की तुलना करनी कठिन हो जाती है। आलोचक निर्णय नही कर पाता कि दोनो नायिकाओ में कौन बढकर है। इसी तरह पात्रो के कथोपकथन अत्यन्त सजीव और भावपूर्ण है। हरेक पात्र की भाषा अपनी-अपनी स्थिति, व्यवसाय और जाति आदि के अत्यन्त अनुकूल बनी है, जिससे सन्दर्भ की स्वाभाविकता पद-पद पर झलकती है। भास का विदूषक भी अपना एक विशेप व्यक्तित्व रखता है। उसका हास्य भी बडा सरल और प्रभावोत्पादक है। इसके कथन समय के अनुकूल और स्वाभाविक होते हैं। इसके अन्य पात्र भी प्राय थोडा बोलने वाले और आडम्बर-रहित होते हैं। पुरुपपात्रो की सख्या अधिक है, जोकि प्राय. युद्ध-विषयक बातो में विशेष प्रीति रखते हैं।

अन्य नाटककारों की अपेक्षा भास की सबसे बडी विशेषता इनका शुद्ध प्रेम का वर्णन है। इन्होने कही भी अनुचित शृङ्गार को नही आने दिया—प्रेम का सच्चा तथा वासनाहीन स्वरूप चित्रित किया है। प्रेम में

वलिदान की भावना अनिवार्य है। स्वप्नवासवदत्त की वासवदत्ता जिस प्रेमी के लिए माता-पिता आदि सब कुछ छोड कर चली जाती है, कर्तव्य की पुकार सुनने पर उसको भी त्याग कर यौगन्धरायण के साथ चली जाती है। इससे बढकर वलिदान भला क्या हो सकता है।

कई आलोचक[1] भास को एक ऊँचे दर्जे का नाटककार मानने में आपत्ति करते हैं। वे कहते हैं कि भास की उडान ऊँची नहीं है। कल्पनारूपी रङ्गों के अभाव में इसके चित्र कहीं-कहीं फीके दिखाई देते हैं। इसमें सदेह नही कि इन्होने कल्पना का अधिक आश्रय नही लिया। नाटक की कथा के मार्मिक स्थलो पर जहाँ इनकी लेखनी अपना पूरा कौशल दिखा सकती थी, इन्होने कुछ सकोच से ही काम लिया है। वर्णन में हृदय की गहराई एव अनुभूति प्रविष्ट नही हो पाई। परन्तु यह मानना ही पडेगा कि इनके वर्णन यथार्थ होते हुए भी सौंदर्य से हीन नही हैं और यही इनकी सवसे वडी विशेषता है।

नाटकीय कथावस्तु—

वत्सदेश का राजा उदयन बडा शूरवीर और प्रतापी था। अवन्ति-राजकुमारी वासवदत्ता से विवाह करने के वाद, वह उसके प्रेम में प्राय लीन रहने लगा। ऐसी स्थिति में, अवसर पाकर उसके शत्रु आरुणि ने उसके राज्य के अधिकाश भाग पर अधिकार जमा लिया। राजा के मन्त्री वहुत चिन्तित हुए और शत्रुनाश का कोई उपाय सोचने लगे। अन्त में वे इस निर्णय पर पहुँचे कि मगधराज दर्शक की सहायता के

---

1 His imagination does not soar high There are many situations in 'Swapnavasavadatta' where Kalidasa and Bhavabhuti would have lavished their glowing poetry and fine description but our poet is content with one feeble line or two

Prof. P P. Sharma.

विना शत्रु को निकालना सम्भव नही। दर्शक मे सैनिक सहायता प्राप्त करने का केवल एक ही उपाय था कि उदयन का विवाह उसकी वहन पद्मावती से करा दिया जाय। सिद्ध लोगो ने भी पद्मावती और उदयन के विवाह की भविष्यवाणी की थी। परन्तु चाहे कुछ भी हो, वासवदत्ता के जीवित रहते, यह विवाह कभी सम्भव नही हो सकता था।

राजा का विवाह पद्मावती से कराने के लिए, मन्त्रियो ने एक षड्यन्त्र रचा। उन्होने, राजा के शिकार के लिए चले जाने पर, लावाणक ग्राम को जलवा कर प्रसिद्ध कर दिया कि वासवदत्ता और यौगन्धरायण जल गये हैं। इधर वासवदत्ता और यौगन्धरायण वेष बदल कर मगध के एक तपोवन में पहुँच गये। वहाँ पद्मावती तपस्वियो को मनोवाञ्छित दान देने की घोषणा करवा रही थी। ऐसे अवसर से लाभ उठा कर, यौगन्धरायण ने वासवदत्ता को पद्मावती के पास धरोहर के रूप में रखवा दिया।

जव राजा ने वासवदत्ता की मृत्यु का वृत्तान्त सुना तो वह वहुत दुःखित हुआ। रुमण्वान् मन्त्री ने वडी कठिनता से उसे धैर्य वँधाया। कुछ समय वाद राजा मगध गया और वहाँ पद्मावती से उसका विवाह हो गया। उदयन कुछ समय के लिए वही रहने लग पडा। वह अव भी प्राय. वासवदत्ता की याद आने पर व्याकुल हो जाया करता था।

एक दिन पद्मावती के सिर की पीडा का समाचार सुनकर राजा उसे देखने के लिए समुद्रगृह में गया। पद्मावती उस समय वहाँ नही थी। राजा वही शय्या पर सो गया। इतने में पद्मावती की सिर की पीडा का समाचार सुनकर, वासवदत्ता भी वहाँ आ पहुँची और यह समझ कर कि पद्मावती सो रही है, उसी शय्या पर लेट गई। उदयन स्वप्न में वासवदत्ता से वातें करने लगा और वह उत्तर देने लगी। इतने में वासवदत्ता को ज्ञात हो गया कि वह उदयन को पद्मावती समझ रही है फिर इस भय से कि कही राजा को पता न लग जाय, वह वहाँ से चलने लगी। राजा का हाथ शय्या से नीचे लटक रहा था। उसे शय्या पर

रख कर चल पडी। राजा इस स्पर्श से चौंक कर जाग पड़ा और जाती हुई वासवदत्ता को पकडने का प्रयत्न करने लगा। परन्तु वह उस समय द्वार से वाहर निकल चुकी थी।

कुछ समय के बाद, दर्शक की सैनिक सहायता प्राप्त करके उदयन ने अपना खोया हुआ राज्य वापिस ले लिया। वह फिर शक्तिशाली राजा हो गया। एक दिन उज्जयिनी से वासवदत्ता के माता-पिता का सन्देश लेकर, वासवदत्ता की धात्री और कञ्चुकी वहाँ आये। उनके पास वासवदत्ता और उदयन का एक चित्र था, जो वे उदयन को देने के लिए लाये थे। पद्मावती ने चित्र देखते ही पहचान लिया कि यह उसी आवन्तिका का चित्र है, जिसे एक ब्राह्मण उसके पास धरोहर के रूप में रख गया था।

इतने में यौगन्धरायण भी अपनी धरोहर वापिस लेने के लिए वहाँ आ पहुँचा। जब वासवदत्ता वहाँ लाई गई तो धात्री ने झटपट उसे पहचान लिया। उस समय वासवदत्ता और यौगन्धरायण ने अपने आप को प्रकट कर दिया। राजा वासवदत्ता को पाकर बहुत प्रसन्न हुआ और दोनो रानियो सहित सुखपूर्वक राज्य करने लगा।

अङ्को की सक्षिप्त कथा—

प्रथम अङ्क—परिव्राजक-वेषधारी यौगन्धरायण और आवन्तिका-वेषधारिणी वासवदत्ता मगध के एक तपोवन में पद्मावती के पास जाते हैं। पद्मावती तपस्वियो को मनोवाञ्छित दान देने के लिए घोषणा करवाती है। अच्छा अवसर जान कर यौगन्धरायण वासवदत्ता को उसके पास धरोहर के रूप में रखने की इच्छा प्रकट करता है और वह मान जाती है।

इतने में एक ब्रह्मचारी वहाँ आकर लावाणक ग्राम के जल जाने से यौगन्धरायण और वासवदत्ता की मृत्यु का समाचार सुनाता है। वह वतलाता है कि राजा इस घटना के कारण अत्यन्त उद्विग्न है और वडी

कठिनता से मन्त्री रुमण्वान् उसे सँभाले हुए है। इतना कहकर ब्रह्मचारी चला जाता है। इसी समय यौगन्धरायण भी चला जाता है। राजा की अवस्था का वर्णन सुनकर पद्मावती के मन में उसके प्रति प्रेम उत्पन्न होता है।

द्वितीय अङ्क—पद्मावती और वासवदत्ता चेटी के साथ, माधवीलता-मण्डप में कन्दुकक्रीड़ा में लगी हुई हैं। बातों-बातों में उदयन का वर्णन होने लगता है। पद्मावती बतलाती है कि वह उदयन से प्रेम करती है। इतने में चेटी कह बैठती है कि सभव है राजा उदयन कुरूप हो। यह सुनकर वासवदत्ता कह उठती है कि वह बहुत सुन्दर है। पद्मावती विस्मित होकर पूछती है कि उसे कैसे पता है। ऐसे अवसर पर वासवदत्ता अपने-आप को सँभाल लेती है और यह कह कर टाल देती है कि उज्जयिनी के रहने वाले को उदयन के दर्शन कठिन नहीं हैं। इतने में पद्मावती की धात्री आकर सूचना देती है कि पद्मावती और उदयन के विवाह की बात पक्की हो गई है। थोडी देर बाद एक और दासी आती है, जो कहती है कि आज ही विवाह होगा। वह उन सबको जल्दी करने के लिए कहती है और सब अन्दर चली जाती हैं।

तृतीय अङ्क—पद्मावती का विवाह हो रहा है। वासवदत्ता इस दृश्य को अपनी आँखो के सामने नहीं देख सकती। इसलिए वह प्रमदवन में चली जाती है। इतने में एक दासी उसके पास आती है और महारानी की तरफ से विवाह की माला गूँथने के लिए कहती है। वासवदत्ता के हृदय में अनेक विचार उठने लगते हैं। वह अपने भाग्य को कोसती है और कहती है कि क्या सौत के विवाह की माला भी मुझे ही गूँथनी थी।

वासवदत्ता सुहागवाली ओषधि को खूब गूँथती है और सौतनाशिनी को नहीं गूँथती। कुछ देर तक दासी आकर माला ले जाती है और वह वहीं दु ख-सागर में पडी रहती है।

चतुर्थ अङ्क—एक दिन वासवदत्ता और चेटी के साथ पद्मावती प्रमदवन में घूम रही थी। इतने में राजा और विदूपक भी वहाँ आ गये।

लए सज्जित होकर चला गया।

षष्ठ अङ्क—विजय के बाद एक दिन, राजा को वासवदत्ता की खोई हुई घोषवती नाम वाली वीणा प्राप्त होती है। इस वीणा के मिलने से राजा बहुत उद्विग्न हो उठता है और तरह-तरह के विलाप करने लगता है। कुछ समय बाद महाराज प्रद्योत और अङ्गारवती के सदेश लेकर, कञ्चुकी और वासवदत्ता की धात्री वहाँ आ पहुँचते हैं। वे राजा और वासवदत्ता का चित्र लेकर आते हैं और राजा को चित्र देखकर सतोष करने का आग्रह करते हैं। इतने में पद्मावती उस चित्र को देखती है और पहचान लेती है कि यह चित्र उसी युवती का है, जिसको वह ब्राह्मण धरोहर के रूप में उसके पास छोड गया था। वह राजा को कहती है कि इसी तरह की एक लडकी उसके पास धरोहर के रूप में रहती है। इतने में यौगन्धरायण अपनी धरोहर वापिस लेने के लिए वहाँ आ पहुँचता है। इस पर वासवदत्ता वहाँ लाई जाती है। धात्री उसे देखते ही पहचान लेती है। फिर यौगन्धरायण भी छद्म-वेप को त्याग कर अपने वास्तविक-रूप में प्रकट होता है। राजा वासवदत्ता और यौगन्धरायण को पाकर बहुत प्रसन्न होता है। वह वासवदत्ता के माता-पिता को यह शुभ समाचार सुनाने के लिए सपरिवार उज्जयिनी जाने की तैयारी करने लगता है।

चारित्रिक अनुशीलन—

उदयन

राजा उदयन इस नाटक का नायक है। महाकवि भास के अनुसार यह पाण्डवो का वशज है। वह रूप और कुलीनता में अद्वितीय है। इसमें इतना वीरत्व नही। यह विपत्ति के समय धैर्य से काम नही लेता। स्निग्ध प्रेमी की दृष्टि से अवश्य ही इसका स्थान बड़ा ऊँचा है। वासवदत्ता के प्रेम में अधिक आसक्त होने के कारण ही, वह राजकार्यों से उदासीन रहने लगा था। उदयन की दुर्बलता के कारण ही उसके शत्रु आरुणि का पलडा भारी हो गया था और वह राज्य के बहुत से भाग से हाथ धो बैठा था। यदि वासवदत्ता और यौगन्धरायण अपने महान्

त्याग से इसकी रक्षा न करते तो राज्य नष्ट हो जाता।

पति के रूप में उदयन का चरित्र बहुत ऊंचा है। वासवदत्ता के जल जाने का समाचार सुन कर वह उसी अग्नि में कूद कर अपने प्राणो की समाप्ति करना चाहता है। रुमण्वान् मन्त्री के बहुत समझाने पर उस की अवस्था संभलती है। प्रथमाङ्क में राजा की दशा का वर्णन करते हुए ब्रह्मचारी कहता है—

'ततस्तस्या शरीरोपभुक्तानि दग्धशेषान्याभरणानि परिष्वज्य राजा मोहमुपगत ।'

ब्रह्मचारी तो राजा के ऐसे दृढ और निःस्वार्थ प्रेम को देख कर अत्यन्त आश्चर्य प्रकट करता है और 'मृता वासवदत्ता' के भाग्य की इस प्रकार सराहना करता है—

'धन्या सा स्त्री या तथा वेत्ति भर्ता,
भर्तृस्नेहात् सा हि दग्धाप्यदग्धा।'

पद्मावती जैसी राजकुमारी से विवाह हो जाने पर भी राजा वासवदत्ता को नही भूलता और उसकी याद मे प्राय आँसू बहाता रहता है। वह चतुर्थाङ्क में विदूषक के पूछने पर साफ-साफ कह देता है कि पद्मावती रूप, शील और माधुर्य से युक्त होने पर भी वासवदत्ता में आसक्त उसके मन को अपनी ओर आकृष्ट नही कर सकती।

'पद्मावती बहुमता मम यद्यपि रूपशीलमाधुर्यै ।
वासवदत्ताबद्ध न तु तावन्मे मनो हरति ॥'

इससे राजा का हृदय अच्छी तरह समझा जा सकता है।

ऐसी बात नही कि राजा पद्मावती की परवाह न करता हो। उसके लिए भी राजा सदा सतर्क रहता है, उसके सिरदर्द की बात सुन कर चिन्ता में डूब जाता है। वह स्वय वासवदत्ता के वियोग में घुलता रहता है परन्तु पद्मावती को अपनी व्यथा से परिचित नही होने देता। वह नही चाहता कि उसके सुकुमार चित्त को ठेस लग जाय। राजा का हृदय स्वय सुकुमार है और इसीलिए वह किसी को कष्ट नही देना चाहता।

यहाँ तक कि उसे भौंरो तक से भी सहानुभूति है। वह उन्हे भी प्रेम-रस से वञ्चित नही करना चाहता।

एक सच्चा प्रेमी होने के अतिरिक्त, राजा बुद्धिमान् और व्यवहार-कुशल भी है। वह ससार की गति को भली भाति समझता है। छठे अङ्क में कञ्चुकी और वसुन्धरा के आने पर जब पद्मावती राजा के साथ बैठ कर इनसे मिलना नही चाहती तो राजा उसको ऐसा करने से रोकता है और कहता है—'स्त्रीदर्शन के योग्य जन को स्त्रीदर्शन से रोकना दोष उत्पन्न करता है'। इस पर वे दोनो कञ्चुकी और वसुन्धरा से मिलते हैं। ऐसी बातो से राजा की व्यवहार-कुशलता का परिचय मिलता है। गुरुजनो के प्रति भी राजा का प्रेम और श्रद्धा प्रशसा के योग्य हैं। राजा गुरुजनो से डरता भी है और अपने अपराध को मानते हुए पश्चात्ताप भी करता है। महाराज महासेन की ओर से कञ्चुकी और वसुन्धरा के आने पर वह डरने लगता है। उसे चिन्ता होने लगती है कि वासवदत्ता के इस प्रकार जल जाने पर वे लोग क्या कहते होंगे। राजा इस अवसर पर पद्मावती से कहता है—

'किं वक्ष्यतीति हृदय परिशङ्कितं मे,
कन्या मयाप्यपहृता न च रक्षिता सा।
भाग्यैश्चलैर्महदवाप्त - गुणोपघात·,
पुत्रः पितुर्जनितरोष इवास्मि भीतः॥'

इससे स्पष्ट है कि राजा का हृदय बडो के लिए इतना आदरपूर्ण है। व्यवहार और शिष्टाचार के अतिरिक्त राजा नीति और धर्म को भी जानता है। आवन्तिका को लौटाने के समय साक्षियो की नियुक्ति, उसकी राज-कार्यों में निपुणता सिद्ध करती है और यौगन्धरायण के अन्तिम शब्द 'राजधर्मस्य देशिक' उसके बिलकुल अनुरूप ही है।

वासवदत्ता

वासवदत्ता नाटक की नायिका है। यह राजा उदयन की प्रथम महिषी तथा अवन्तिराज प्रद्योत की कन्या है। कवि ने एक [illegible]

के रूप में इसका बडा सुन्दर चित्रण किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वासवदत्ता द्वारा भारतीय नारी का आदर्श चरित्र उपस्थित किया गया है। त्याग और पतिप्रेम का ऐसा अनुपम उदाहरण किसी भी साहित्य में नही मिलता। यौगन्धरायण के कथनानुसार वह राजकीय सुखो को त्याग कर अपने-आपको अनेक सकटो में डाल देती है। राजा की भलाई ही उसका एकमात्र लक्ष्य है।

वह बडी मानिनी स्त्री है। सकट सहन करने से जरा भी नही घबराती परन्तु अपमान नही सह सकती। तपोवन में सिपाहियो के अनुचित व्यवहार को देखकर उसका कोमल हृदय हाहाकार करने लगता है। वह इन पीडा को मन में दबा नही सकती और यौगन्धरायण को कहती है—

'आर्य, तथा परिश्रम परिखेदं नोत्पादयति यथाय परिभव ।'

जिस कठिन परीक्षा में वासवदत्ता अपने-आपको डालती है, वह एक स्त्री के लिए सबसे बडी परीक्षा है। कोई भी आर्य-ललना स्वप्न में भी यह सहन नही कर सकती कि उसका पति किसी दूसरी स्त्री से विवाह करे। परन्तु परिस्थितिवश अपने स्वामी की भलाई के लिए, वह अपने हृदय पर पत्थर रख कर सब कुछ होने देती है। यद्यपि विवाह का दृश्य उसके लिए असह्य हो उठता है और वह मन को स्वस्थ करने के लिए प्रमदवन में चली जाती है परन्तु यह सब कुछ थोडे समय के लिए होता है और उसका मन फिर पहले की तरह शान्त हो जाता है।

अपने अज्ञातवास में उसे सदा सतर्क एव सावधान रहना पडता है। वह पद-पद पर सोचती रहती है कि कही यौगन्धरायण की सारी योजना धूल में न मिल जाय। उसके भय और आशङ्का से पूर्ण हृदय को यदि कोई विचार सान्त्वना दे सकता है, तो वह केवल राजा का प्रेम है। विवाह कर लेने पर भी राजा उसे प्रेम करता है, यह बात उसके लिए साधारण नही। राजा के मुख से यह बात सुनकर तो वह पूर्णतया सन्तुष्ट हो जाती है और सारे कष्टो को भूल जाती है। वह कहती है—

'भवतु, भवतु । दत्त वेतनमस्य परिखेदस्य । अहा अज्ञातवासोऽप्यत्र बहुगुणः सम्पद्यते ।'

पद्मावती उसकी सपत्नी है परन्तु वह उससे वहिनो की तरह प्रेम करती है। पद्मावती की शिर-पीडा के विषय में सुनते ही वह अधीर हो उठती है और तत्काल उसके पास चली जाती है, उसी शय्या पर वैठती है। उसके मन में कभी भी पद्मावती के लिए विकार पैदा नही होता। अन्त में जब सारा भेद खुलता है तो पद्मावती वासवदत्ता से क्षमा-याचना करती है कि कही अनजाने उससे कोई अपराध न हो गया हो। इस पर वासवदत्ता सब उत्तरदायित्व अपने पर ही ले लेती है और प्रेमपूर्वक उत्तर देती है—

'अविधवे ! उत्तिष्ठ अर्थयिस्वं नाम शरीरमपराध्यति ।'

पतिभक्ति, धैर्य, उदारता और त्याग आदि गुणो में पूर्ण होने के कारण ही वह राजा के हृदय पर अपना विशेष अधिकार रखती है। यही कारण है कि राजा स्वप्नावस्था में भी उसी को देखता है। वह उसे कभी भूल नही सकता। उसे यहाँ तक विश्वास है कि वह दूसरे जन्म में भी उसकी स्मृति को हृदय से नही निकाल सकेगा। जैसा कि राजा की उक्ति से स्पष्ट है—

'कथं सा न मया शक्या स्मर्तुं देहान्तरेष्वपि ।'

वासवदत्ता के सम्बन्ध में राजा की यह उक्ति उसे सब की दृष्टि में ऊँचा उठा देती है।

पद्मावती

पद्मावती मगधराज दर्शक की भगिनी है। इसे नाटक की दूसरी नायिका कहा जा सकता है। वह अनुपम सुन्दरी है। उसके गुण और व्यवहार भी हृदय को लुभाने वाले हैं। वासवदत्ता पद्मावती को प्रथम वार देखते ही प्रभावित हुए विना नही रहती। उसके मुख से अनायास ही ये वचन निकल जाते हैं—

'न हि रूपमेव वागपि खल्वस्या मधुरा ।'

उसके सद्व्यवहार और प्रेमपूर्ण हृदय का परिचय प्रथमाङ्क के आरंभ

में ही मिल जाता है जब वह प्रथम भेंट में ही वासवदत्ता को अपनी कहने लगती है। उसके शब्द कितने हृदय को छूने वाले हैं—

'भवतु भवतु। आर्या आत्मीयेदानीं संवृत्ता।'

जहाँ उसका रूप और व्यवहार प्रशंसनीय है, वहाँ उसकी धार्मिक श्रद्धा और उदारता भी वैसी ही है। तपोवन में यौगन्धरायण को याचक के रूप में देख कर उसे भारी प्रसन्नता होती है और वह अपने-आपको धन्य समझती हुई इस प्रकार कहती है—

'दिष्ट्या सफलं मे तपोवनाभिगमनम्।'

वह अपने वचनों पर दृढ रहने वाली नारी है। जब कञ्चुकी यौगन्धरायण की भगिनी को धरोहर के रूप में रखने से आनाकानी करता है और कहता है, 'दु:खं न्यासस्य रक्षणम्' तो उस समय पद्मावती उससे सहमत नही होती। वह एक बार वचन देकर कभी पीछे हटना नही चाहती।

वह एक शुद्ध हृदय वाली स्त्री है। ईर्ष्या और अभिमान उससे कोसों दूर हैं। अपने कानो से राजा के मुख से यह सुन कर कि वासवदत्ता उसे अधिक प्रिय है, वह जरा भी उदास नही होती। यहाँ तक ही नही, वह राजा के प्रति अधिक आकृष्ट होने लगती है। चेटी राजा के ऐसे विचारों को सुनकर उससे घृणा करने लगती है परन्तु उसे उत्तर में पद्मावती से एक मधुर भर्त्सना मिलती है—

'हला! मा मैवम्। सदाक्षिण्य एवार्यपुत्र, य इदानीमप्यार्याया वासवदत्ताया गुणान् स्मरति।'

राजा के विदूषक से पूछने पर कि वासवदत्ता और पद्मावती में कौन अधिक गुणवती है, विदूषक पद्मावती की प्रशंसा करते हुए कहता है—

'तत्रभवती पद्मावती तरुणी, दर्शनीया, अकोपना, अनहङ्कारा, मधुरवाक्, सदाक्षिण्या। अयं चापरो महान् गुणः, स्निग्धेन भोजनेन मां प्रत्युद्गच्छति।'

विदूषक थोडे समय में ही पद्मावती के गुणो को जान जाता है। वासवदत्ता से तुलना करने में, सम्भव है, उसने अत्युक्ति से काम लिया है परन्तु

जहाँ तक उसके गुणो के उल्लेख का सम्बन्ध है, उसमें लेशमात्र भी सन्देह नही हो सकता।

वासवदत्ता के प्रति भी उसका व्यवहार स्नेहपूर्ण है। वह उसको सखियो की तरह मानती है और परिहास तक भी करती है। उसने कभी वासवदत्ता को कष्ट नही होने दिया। अन्त में भेद खुलने पर कि वासवदत्ता ही आवन्तिका है, पद्मावती घबरा जाती है। वह वासवदत्ता से क्षमा माँगती है कि कही अज्ञान में उससे कोई अपराध न हो गया हो। यह उसके चरित्र की सबसे बडी विशेषता है, जिसके लिए उसकी जितनी भी प्रशसा की जाय, थोडी है।

यौगन्धरायण

यौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्त नाटक का एक असाधारण पात्र है। इसे यदि केन्द्र पात्र कहा जाय तो कोई अत्युक्ति नही होगी। नाटक में इसके दर्शन केवल प्रथम तथा अन्तिम अङ्क में ही होते हैं परन्तु पर्दे के पीछे रहते हुए भी सभी कार्यों को चलाने वाला यही व्यक्ति है। यह स्वामिभक्त मन्त्री है और राजा की विपत्ति को अपनी विपत्ति समझता है। स्वामी के कल्याण के लिए कठिन-से-कठिन कार्य करने को तत्पर हो जाता है। उसके बुद्धिबल और चातुर्य को देखकर विस्मय होता है। वह किस प्रकार सावधानी से वासवदत्ता को पद्मावती के पास धरोहर रखता है। वह भविष्य में होने वाली घटनाओ को पहले ही सोच लेता है और उनके अनुसार आचरण करता है। वह जानता है कि पद्मावती के पास ही वासवदत्ता को धरोहर के रूप में रखना उचित है। यही उसकी दूरदर्शिता है। उसके निम्नाङ्कित शब्द उसकी अपूर्व बुद्धि का परिचय देते हैं :—

'तत प्रतिष्ठिते स्वामिनि तत्रभवतीमुपनयतो मे इहात्रभवती मगधराजपुत्री विश्वासस्थानं भविष्यति।'

वह प्रत्येक कार्य को इस ढग से आरम्भ करता है कि उसमें असफल होने की सम्भावना ही नही होती। उसकी नीति इतनी गम्भीर है कि किसी को अन्त तक भी सन्देह नही होता कि वासवदत्ता और वह जीवित

हैं। यह सब उसकी बुद्धि का प्रताप है कि राजा नष्ट हुए राज्य को पुनः प्राप्त कर लेता है। राजा स्वयं षष्ठाङ्क में उसका धन्यवाद करता है—

'यौगन्धरायणो भवान् ननु।
मिथ्योन्मादैश्च युद्धैश्च शास्त्रदृष्टैश्च मन्त्रितैः।
भवद्यत्नैः खलु वयं मज्जमानाः समुद्धृताः।'

यौगन्धरायण की स्वामिभक्ति पराकाष्ठा को पहुँच जाती है, जब वह सम्पूर्ण कार्य में सफल हो जाने पर भी मन में डरता है कि स्वामी उसके विषय में क्या कहेंगे। उसे अपनी सफलता पर थोड़ा-सा भी अभिमान उत्पन्न नही होता। वह कहता है—

'सिद्धेऽपि नाम मम कर्मणि पार्थिवोऽसौ
किं वक्ष्यतीति हृदयं परिशङ्कितं मे।'

राजनीति को समझने वाले एक उत्तम मन्त्री में जिन गुणों की आवश्यकता होती है, वे सब यौगन्धरायण में विद्यमान हैं। वह सम्पत्ति और विपत्ति में एक समान रहने वाला है, शास्त्रो और विद्वानो पर श्रद्धा रखने वाला है। सिद्धो के वाक्यो में भी उसकी पूरी आस्था है और उसी के अनुसार कार्य करता है। निस्संदेह वह इस नाटक का प्राण है।

विदूषक

स्वप्नवासवदत्त के विदूषक का नाम वसन्तक है। इसका स्वभाव भी प्रायः दूसरे विदूषको से मिलता-जुलता है। संस्कृत-नाटको के विदूषक अधिकतर भोजनप्रिय होते हैं। हमारा विदूषक भी इस सम्बन्ध में उनसे पीछे नही रहता वरन् किसी मात्रा तक बढ जाता है। प्रायः भोजन की मात्रा का उल्लंघन करने के कारण उसकी पाचनशक्ति क्षीण हो गई है परन्तु फिर भी वह भोजन के स्वप्न देखता है। उसका मन तो भोजन के लिए तडपता है परन्तु विवश है, क्या करे! जब चेटी राजा के लिए अङ्गराग लाने के लिए पूछती है तो विदूषक कहता है—

'सर्वमानयतु भवती वर्जयित्वा भोजनम् ।'

भोजन की चिन्ता प्राय उसके सिर पर सवार रहती है । भोजन के कारण ही उसे भयानक रोग घेरने वाला है । उसे जीवन दु खमय प्रतीत होता है । वह कहता है—

"एक. खलु महान् दोष , ममाहार सुष्ठु न परिणमति । सुप्रच्छदनाया शय्याया निद्रा न लभे, यथा वातशोणितमभित इव वर्तत इति पश्यामि । भो. ! सुख नामयपरिभूतमकल्यवर्त च ।"

हमारे विदूषक में एक बडी भारी विशेषता है । वह अन्य विदूषको की तरह सदा हंसी-मजाक में व्यस्त नही रहता । उसका अपना एक विशेष व्यक्तित्व है । वह गम्भीर, चतुर और समय के अनुसार कार्य करने वाला मनुष्य है । जब राजा वासवदत्ता के वियोग में आंसू बहाता है और अकस्मात् वहाँ पद्मावती आ जाती है, तो आंसुओ के कारण को छिपाने के लिए विदूषक चालाकी से उसे टालना चाहता है और कहता है कि राजा की आंखो में काश-कुसुम की पराग पडी है और इस कारण नेत्रो से नीर वह रहा है । पद्मावती विदूषक की चालाकी समझ लेती है और मन में कहती है—

'अहो सदाक्षिण्यस्य जनस्य परिजनोऽपि सदाक्षिण्य एव भवति ।'

वह विरह से व्याकुल राजा को सदा धैर्य बंधाता रहता है और राजा का परम हितैषी है । राजा को भी उस पर पूर्ण विश्वास है । इसी लिए राजा मन की गुप्त-से-गुप्त बात जैसे—'वासवदत्तावद्ध न तु तावन्मे मनो हरति' भी उसको कह देता है । विदूषक भी राजा का परम-भक्त है और उसका भेद खुलने नही देता । लता-निकुञ्ज से बाहर आई हुई, पद्मावती राजा से शायद कुछ पूछताछ करे जिसमे उसकी स्थिति सकटमय हो जाय, इस डर से विदूषक बहाना करके राजा से कहता है कि मगधराज आपको बुलाते हैं । उन्होंने आपको साथ लेकर अपने सम्बन्धियो से मिलना है । इस तरह राजा का भेद खुलने नही

देता। साधारण स्थिति के विदूषको से वह प्रतिभावान् और सम्य दिखाई देता है।

स्वप्नवासवदत्त की समालोचना—

स्वप्नवासवदत्त भास की सब से उत्कृष्ट कृति है। भाषा, भाव, शैली तथा चरित्र-चित्रण की दृष्टि से इसका नाट्य-साहित्य में बडा आदर है। नाटक की घटनाएँ सरस तथा स्वाभाविक हैं। बनावट की उनमें लेशमात्र भी गन्ध नही है। ऐसा प्रतीत होता है कि नाटककार ने सरलता पर विशेष ध्यान दिया है। लम्बे समास तथा अप्रसिद्ध अलकारों का समावेश नाटक में प्राय बहुत कम है। उपमा और उत्प्रेक्षा का ही अधिकतर प्रयोग किया गया है। भास कालिदास की तरह कल्पना-प्रधान कवि नही है। उसने घटनाओ को ऐसे ढग से उपस्थित किया है, जिससे उनके वास्तविक रूप में कोई अन्तर नहीं पडता। इसी कारण नाटक जीवन के अधिक समीप दिखाई देता है। नाट्यकला की दृष्टि से भी भास की प्रतिभा प्रशसनीय है। राजा की वियोग-अवस्था का वर्णन करने के लिए प्रथमाक में नाटककार ने जो ब्रह्मचारी की सृष्टि की है, यह उसकी नाट्य-कुशलता का एक प्रबल प्रमाण है। नाटक में घटना-चक्र के साथ-साथ राजा का वियोगानुभव चरमसीमा की ओर बढता है। पञ्चमाक में राजा वासवदत्ता के स्वप्न में दर्शन करता है, जिससे उसकी अवस्था उत्तरोत्तर बिगडने लगती है। यहाँ तक कि षष्ठाक में घोषवती वीणा के मिलने से तो विरहाग्नि पराकाष्ठा को पहुँच जाती है। यहाँ कथा चरमसीमा तक पहुँच जाती है।

चरित्र-चित्रण में भी नाटककार सिद्धहस्त है। नायक उदयन एक सच्चा प्रेमी है, जो मृता वासवदत्ता से भी वैसा ही प्रेम करता है। वासवदत्ता का चरित्र भी अद्वितीय है। पति के कल्याण के लिए उसका त्याग महत्त्वपूर्ण है। पद्मावती जैसी उदार नारी भी आर्य-जाति का शृङ्गार है। सारे चरित्र अपनी भिन्न-भिन्न विशेषताएँ रखते हैं। नाटक मे विप्रलम्भ शृङ्गार रस प्रधान है।

भास के नाटकों की एक और मुख्य विशेषता है। ये नाटक रगमच के अनुकूल हैं। सस्कृत के नाटक प्राय. अभिनय की दृष्टि से पूरे नही उतरते। नाटककार भास निस्सदेह इसका अपवाद है। स्वप्नवासवदत्त नाटक तो आजकल भी कई स्थानो पर खेला गया है। भास के नाटको के अभिनय की सफलता का रहस्य इनके सवादों पर है। सवाद नाटक के प्राण होते हैं। भास के सवाद सक्षिप्त चुस्त तथा प्रभावोत्पादक हैं। इन्हीं के कारण ये नाटक कोरे साहित्यिक न होकर मंच की सम्पत्ति वन गये हैं।

वहुत-सी विशेषताएं रखते हुए भी नाटक में कुछेक दोप आ गये हैं। इसमें सन्देह नही कि भास की सरल एव सक्षिप्त शैली अवश्य ही सराहने योग्य है, परन्तु कई स्थानो पर जहाँ वढा-चढा कर वर्णन आवश्यक था, वहुत सकोच से काम लिया गया है। कवि की वर्णन-शक्ति कालिदास तथा भवभूति के समान वलवती नही है। यह थोडे में ही सतुष्ट रहता है और ऊचा उडना नही चाहता। ऐसा प्रतीत होता है जैसे नाटककार के पाँव पृथ्वी से वँधे हुए हैं, वह आकाश-कुसुम देखता तो है पर उन तक पहुँचने की चेष्टा नही करता। इस नाटक में एक दोप और है। भास ने कही-कही अप्रचलित शब्दो का प्रयोग किया है। इससे प्राय अर्थ में कठिनाई उत्पन्न हो गई है। परन्तु ऐसे प्रयोग अधिक नही हैं। इस सम्वन्ध में 'सविज्ञात-मस्य दर्शनम्, व्यपाश्रयरा, अभ्यवपत्तुकामः (प्रथ०) आर्यिस्वं नाम शरीरमपराध्यति (षष्ठ०) इत्यादि उल्लेखनीय हैं। परन्तु यह सव महाकवि भास के गुण-समूह में आटे में नमक के समान है। राजशेखर ने भास के विषय में सर्वथा उपयुक्त ही कहा है—

> 'भासनाटक-चक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
> स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥'

प्रस्तुत नाटक का आधार—

भास का स्वप्नवासवदत्त और प्रतिज्ञायौगन्धरायण दोनो एक ही मुख्य उद्देश्य अर्थात् उदयन-कथा को लेकर लिखे गये थे। अधिकाश विद्वानो का विचार है कि इन दोनो की कथावस्तु का आधार गुणाढय की वृहत्कथा

है। बृहत्कथा पैशाची भाषा में ईसा की दूसरी शताब्दी में लिखी गई थी। परन्तु यह पुस्तक आजकल उपलब्ध नही। हमें इस पुस्तक की सामग्री, बुद्धस्वामी के बृहत्कथाश्लोकसंग्रह, क्षेमेन्द्र की बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेव के कथासरित्सागर से प्राप्त होती है। सोमदेव ने तो स्वय माना है कि उसकी कृति गुणाढ्य की बृहत्कथा का सार है। वैसे भी स्वप्नवासवदत्त की कथा का सबसे अधिक साम्य कथासरित्सागर से है। इसमें सदेह नही कि इन दोनो में अन्तर अवश्य है परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि भास ने नाटक के लिए अनुकूल वातावरण लाने के लिए मूल कथा में इच्छानुसार थोड़े बहुत परिवर्तन कर दिये हो। नाटककार प्राय. पुरानी कथाओ को कुछ-न-कुछ नवीन रूप अवश्य देते हैं। इसीमें उनकी मौलिक उद्भावना का रहस्य निहित होता है। यहाँ पर कथासरित्सागर और स्वप्नवासवदत्त की कथा के अन्तर की मुख्य बातें लिखी जाती हैं .—

(१) भास के अनुसार मगध का राजा दर्शक है, परन्तु कथासरित्सागर में उसका नाम प्रद्योत मिलता है।

(२) स्वप्नवासवदत्त में पद्मावती मगधराज की बहिन है, परन्तु कथासरित्सागर में कन्या है।

(३) भास ने वासवदत्ता को यौगन्धरायण की कृत्रिम बहिन बनाया है, परन्तु वहाँ यह यौगन्धरायण की कन्या है।

(४) स्वप्नवासवदत्त में यौगन्धरायण ने नष्ट राज्य को पुन. प्राप्त करने के लिए सब कुछ किया है। कथासरित्सागर में यह बात नही है। वहाँ पर राज्य को विस्तृत करने की इच्छा से सारा स्वाँग रचा गया है।

उपर्युक्त कथा-भेद इतना अधिक नही है और इसी कारण अधिकाश विद्वानो का मत है कि स्वप्नवासवदत्त की कथा का आधार, सम्भव है, गुणाढ्य की बृहत्कथा हो। इसी साम्य पर जोर देते हुए विद्वान्, इसी कारण भास को गुणाढ्य का समकालीन अथवा थोड़े समय बाद हुआ, ठहराते हैं।

इसके अतिरिक्त हमारे सामने और कोई प्रमाण नही जिसके बल पर स्वप्नवासवदत्त का आधार बृहत्कथा सिद्ध किया जा सके। कोई अन्य विशेष प्रमाण न होने के कारण ही कुछ विद्वान् बृहत्कथा को भास की कथा का स्रोत मानने में आपत्ति करते हैं। उनका विचार है कि भारतवर्ष में उदयन की कथा बडी लोकप्रिय थी, इसलिए सम्भव है भास ने इस प्रचलित दन्तकथा को नाटकीय रूप दिया हो। महाकवि कालिदास के कथन[1] से भी कि उदयन की कथा का बहुत प्रचार था, इस विचार की पुष्टि में सहायता मिलती है। जब और किसी प्रबल प्रमाण का अभाव हो तब इसी पर विश्वास करने के अतिरिक्त और क्या उपाय हो सकता है! इससे सम्भव है कि उदयन-कथा को लोकरुचि का केन्द्र समझते हुए, भास ने इसे अपने नाटक का विषय बनाया हो। अत अनुमान किया जा सकता है कि इस नाटक का आधार, उस समय में प्रचलित उदयन-कथा थी।

कुछेक आलोचको का विचार है कि स्वप्नवासवदत्त के रचयिता भास, नाटकीय कथा के लिए बौद्ध तथा जैन गाथाओं के ऋणी हैं। परन्तु यह कदापि सम्भव नही हो सकता। ये गाथाएँ बहुत अर्वाचीन हैं। प्रत्येक अवस्था में इन गाथाओ का काल चौथी शताब्दी ईसा के बाद बैठता है। स्वप्नवासवदत्त की रचना इससे बहुत पहले हो चुकी थी। अत. यह विचार सर्वथा असङ्गत है।

इसलिए सामग्री के अभाव में, दन्त-कथाएँ ही भास-कथा की नाटकीय सामग्री बनी होगी, यही विचार अधिक उचित दिखाई देता है।

---

१. प्राप्यावन्तीमुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्।—मेघदूत

पात्र-परिचय

पुरुष-पात्र

उदयन—वत्स देश का राजा, नाटक का नायक ।

विदूषक—वसन्तक नाम वाला उदयन का परम मित्र ।

यौगन्धरायण—उदयन का परम स्वामिभक्त मन्त्री ।

ब्रह्मचारी—लावाणक में पढने वाला एक विद्यार्थी ।

कञ्चुकी—अन्त पुर का वृद्ध सेवक ।

सूत्रधार—रगमञ्च का प्रबन्धकर्ता ।

सम्भषक, भट—पद्मावती के नौकर ।

स्त्री-पात्र

वासवदत्ता—प्रद्योत और अङ्गारवती की पुत्री, उदयन की पटरानी
नाटक की नायिका ।

पद्मावती—मगधराज दर्शक की बहिन और उदयन की दूसरी रानी ।

तापसी—कोई आश्रमवासिनी स्त्री ।

चेटी—पद्मावती की नौकरानी ।

पद्मनिका, मधुकरिका—पद्मावती की नौकरानियाँ ।

धात्री—पद्मावती की धाय ।

विजया—उदयन की द्वारपालिका ।

धात्री—वसुन्धरा नाम वाली वासवदत्ता की धाय ।

नाटक से सम्बन्धित अन्य पात्र

पुरुष-पात्र

प्रद्योत—उज्जयिनी का प्रतापी राजा, वासवदत्ता का पिता।

दर्शक—मगध का राजा, पद्मावती का भाई।

रुमण्वान्—उदयन का स्वामिभक्त मन्त्री तथा सेनापति।

आरुणि—उदयन का शत्रु।

गोपालक—प्रद्योत का पुत्र, वासवदत्ता का भाई।

पालक—प्रद्योत का पुत्र, वासवदत्ता का भाई।

पुष्पक—सिद्ध, भविष्य-वक्ता।

भद्रक—सिद्ध, भविष्य-वक्ता।

स्त्री-पात्र

महादेवी—मगधराज की माता, आश्रम में निवास करने वाली।

अङ्गारवती—वासवदत्ता की माता, प्रद्योत की पटरानी।

अवन्तिसुन्दरी—कोई यक्षिणी।

विरचिका—उदयन की एक दासी।

स्वप्नवासवदत्तम्

[नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः]

सूत्रधारः—

उदयनवेन्दुसवर्णावासवदत्तावलौ वलस्य त्वाम् ।
पद्मावतीर्णपूर्णौ वसन्तकम्रौ भुजौ पाताम् ॥१॥

अन्वय—उदयनवेन्दुसवर्णौ आसवदत्तावलौ पद्मावतीर्णपूर्णौ वसन्तकम्रौ वलस्य भुजौ त्वा पाताम् ।

पदार्थ—नवेन्दु =नया चन्द्रमा । आसव=सुरा । पद्मा=शोभा । पूर्णौ=भरे हुए । वसन्तकम्रौ=वसन्त के समान मनोहर । वलस्य=वलदेव की (कृष्ण के वडे भाई का नाम वलदेव है) । पाताम् =रक्षा करे ।

आसवदत्तावलौ से दो प्रकार का अर्थ निकलता है। जैसे 'आसव+दत्त+आ+वलौ' अर्थात् सुरा (शराव) द्वारा सव ओर से जिन मे वल आ गया है । दूसरा अर्थ 'आसवदत्त+अवलौ' अर्थात् सुरा के कारण जो वलरहित हो गई हैं। इन दोनो अर्थों में पहला अर्थ अधिक उचित दिखाई देता है। वलदेव की भुजाओ मे वल का अभाव होना असम्भव है और दूसरे वलरहित भुजाओ से रक्षा की आशा भी कैसे की जा सकती है। इसलिए वलयुक्त कहना ही समीचीन है। वलदेव के सुराप्रेम का वर्णन सस्कृत-साहित्य मे यत्र-तत्र मिलता है। कालिदास ने अपने मेघदूत मे वलदेव की इस कमज़ोरी की चर्चा की है। कालिदास के अनुसार तो वलराम अपनी पत्नी रेवती को पास विठा कर शराव पिया करते थे।[1]

---

१ हित्वा हालामभिमतरसा रेवतीलोचनाङ्काम् ।—मेघदूत ।

महाकवि भास स्वप्नवासवदत्त नाटक की निर्विघ्न समाप्ति के लिए मङ्गलाचरण[1] के उपरान्त सूत्रधार[2] से नाटक का आरम्भ करते है। यह भास मे ही विशेषता है, जिसके कारण इसके नाटक, जो काल के सन्देह रूपी भँवर में फँस चुके थे, अपने वास्तविक रचयिता से अलग नही हो सके। वाणभट्ट के हर्षचरित[3] मे भास की इस विशेषता का वर्णन वडे रोचक ढग से किया हुआ मिलता है। इस श्लोक मे नाटककार ने श्लेष द्वारा रचना-चातुरी का वडा सुन्दर परिचय दिया है। एक ही पद्य मे नाटक के प्रसिद्ध पात्रो उदयन, वासवदत्ता, पद्मावती और वसन्तक को लाकर खडा कर दिया है। अलङ्कारशास्त्र मे ऐसी रचना मुद्रालङ्कार कहलाती है।

इस पद्य से और भी पता चलता है कि भास के समय मे श्रीकृष्ण की तरह वलदेव की पूजा भी होती थी। सस्कृत-साहित्य मे अन्य स्थानो पर भी इस वात की पुष्टि के लिए उपयुक्त चिह्न मिलते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि शनै-शनै वलदेव-पूजा का प्रचार मिटता गया और श्रीकृष्ण-पूजा अधिक लोकप्रिय होती गई।

व्याकरण—उदयनवेन्दु (७ तत्पु० समा०)। आसवेन दत्तम् इति आसवदत्तम्, आ (समन्तात्) वलम् इति आवलम्, पक्षान्तरे

---

१ इस श्लोक का प्रयोजन निस्सदेह नान्दी के समान है, परन्तु नाटककार ने इसे नान्दी नही माना।

२ प्रवन्धकर्ता तथा दिग्दर्शक (Stage Manager) सूत्रधार कहलाता है, जो सव पात्रो को इच्छानुसार चलाता है।

३ सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्वहुभूमिकैः ।
सपताको यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥

अथ प्रथमोऽङ्कः

[प्रविश्य]

भटौ—उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह ।
उत्सरत उत्सरत आर्या ! उत्सरत ।

[ततः प्रविशति परिव्राजकवेषो यौगन्धरायण
आवन्तिकावेषधारिणी वासवदत्ता च]

यौगन्धरायणः—[कर्णं दत्त्वा] कथमिहाप्युत्सार्यते । कुतः,
धीरस्याश्रमसंश्रितस्य वसतस्तुष्टस्य वन्यैः फलै-
र्मानार्हस्य जनस्य वल्कलवतस्त्रासः समुत्पाद्यते ।
उत्सिक्तो विनयादपेतपुरुषो भाग्यैश्चलैर्विस्मितः
कोऽयं भो ! निभृतं तपोवनमिदं ग्रामीकरोत्याज्ञया ॥३॥

वासवदत्ता—अय्य ! को एसो उस्सारेदि ।
आर्य ! क एष उत्सारयति ।

यौगन्धरायणः—भवति ! यो धर्मादात्मानमुत्सारयति ।

वासवदत्ता—अय्य ! ण हि एव्वं वत्तुकामा, अहं वि णाम उस्सारइदव्वा होमि त्ति ।
आर्य ! न ह्येवं वक्तुकामा, अहमपि नामोत्सारयितव्या भवामीति ।

यौगन्धरायणः—भवति ! एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यवधूयन्ते ।

अन्वय —धीरस्य, आश्रमसंश्रितस्य, वन्यैः फलैः तुष्टस्य वसतः, मानार्हस्य वल्कलवतः जनस्य त्रासः कुतः समुत्पाद्यते । भो उत्सिक्त, चलैः भाग्यैः विस्मितः विनयादपेतपुरुषः अयं कः, यः इदम् निभृतम् तपोवनम् आज्ञया ग्रामीकरोति ?

पदार्थ—प्रविश्य=रङ्गमञ्च पर आकर। **भटौ**=दो रक्षक, दो सिपाही। **परिव्राजकवेष** =संन्यासी का वेप धारण किये हुए (परित्यज्य सर्वं व्रजतीति परिव्राजक) । **यौगन्धरायण** =युगन्धर गोत्रापत्य पौत्रादि, उदयन के प्रधानमन्त्री का नाम। **आवन्तिकावेषधारिणी**=अवन्ति नाम के देश मे रहने वाली स्त्रि। सदृश वेपवाली। **वासवदत्ता**=राजा उदयन की रानी। **आश्रमसश्रितस्य**=जिसने आश्रम का आश्रय लिया हो, अर्थात् आश्रमवासी। **वन्यै फलै.**=वन के फलो से (कन्दमूलादि)। **मानार्हस्य**=मान के योग्य। **वल्कलवत'**=वृक्षो की छाल धारण करने वाला। **उत्पाद्यते**=उत्पन्न किया जाता है। **उत्सिक्त'**=अभिमानयुक्त। **विनयादपेतपुरुष** =विनय से रहित मनुष्य (जिसे आचार तथा कर्तव्या-कर्तव्य का ज्ञान न हो)। **निभृत**=शान्त। **ग्रामीकरोति**=ग्राम बना रहा है (ग्राम मे ऐसा व्यवहार कोलाहल शान्त करने के लिए प्राय. किया जाता है, तपोवन मे नही)।

व्याकरण—उत्सिक्त =उत्+सिच्+क्त । विस्मित =वि+स्मि+क्त । विनयादपेतपुरुष =विनयात् अपेता इति विनयाद-पेता (पञ्च० तत्पु० अलुक्) तादृशा पुरुषा यस्य (बहुव्री०)। ग्रामीकरोति=अग्राम ग्राम करोतीति, ग्रामीकरोति। ग्राम+च्वि +कृ। 'ग्रामी' यह च्वि-प्रत्ययान्त तद्धित प्रयोग है और अव्यय है। कृ के साथ इसका समास नही है। वक्तुकामा=वक्तु काम. यस्या सा वक्तुकामा। दैवतानि=देव एव इति, देव+तल् (स्वार्थे)+टाप् (स्त्रियाम्)=देवता। देवता एव दैवतम् इति। प्रज्ञादिगण मे पाठ होने से स्वार्थ मे अण्। 'दैवत' शब्द पुंल्लिङ्ग और नपुसकलिङ्ग मे साधु है। पर पुंल्लिङ्ग मे इसका प्रयोग कविसम्प्रदाय मे अप्रसिद्ध है।

अहमपि नाम=नाम का प्रयोग जोर देने के लिए किया गया है। वासवदत्ता पूछना चाहती है कि क्या वह भी, जिस प्रकार अन्य साधारण लोग निकाले जा रहे है, निकाली जायगी।

वासवदत्ता—अय्य ! तह परिस्समो परिखेदं ण उप्पादेदि, जह अअ परिभवो ।

आर्य ! तथा परिश्रम परिखेद नोत्पादयति, यथाय परिभव ।

यौगन्धरायणः—भुक्तोज्झित एष विषयोऽत्रभवत्या । नात्र चिन्ता कार्या । कुतः,

पदार्थ—परिश्रम =(चलने के कारण उत्पन्न हुई) थकावट । परिभव =(निकाले जाने से उत्पन्न) अपमान । भुक्तोज्झित =भोग कर छोडा हुआ ।

व्याकरण—भुक्तोज्झित =पूर्वं भुक्त पश्चात् उज्झित (कर्मधारय) ।

पूर्वं त्वयाप्यभिमत गतमेवमासी-
च्छ्लाघ्य गमिष्यसि पुनर्विजयेन भर्तुः ।
कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना
चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः ॥४॥

भटौ—उस्सरह अय्या ! उस्सरह ।

उत्सरत आर्या ! उत्सरत ।

अन्वय —पूर्वं त्वया अपि एवम् अभिमत गतम् आसीत् । पुन भर्तु. विजयेन श्लाघ्य गमिष्यसि । कालक्रमेण परिवर्तमाना जगत भाग्यपङ्क्ति चक्रारपङ्क्ति इव गच्छति ।

पदार्थ—अभिमतम्=पसन्द, इष्ट । श्लाघ्यम्=प्रशसा के योग्य । चक्रारपङ्क्ति =पहिये के अरो (दण्डो) की पक्ति (Spokes of a Wheel) । परिवर्तमाना=घूमती हुई ।

व्याकरण—अभिमतम्=यह क्रियाविशेषण है । गमन क्रिया को विशिष्ट करता है । अभि+मन् ।

'पूर्व त्वयाप्यभिमत गतमेवमासीत्' का अर्थ अधिक स्पष्ट दिखाई नही देता। कुछेक टीकाकारो ने इसका अर्थ 'पहले तुम्हे भी यह इष्टार्थ प्राप्त था' ऐसा किया है। परन्तु वाग्-व्यवहार के विरुद्ध होने से मान्य नही। 'तुम्हारा चलना भी इसी प्रकार तुम्हे पसन्द था' उपयुक्त है। इस वर्णन मे यौगन्धरायण ने एक तथ्य का वर्णन किया है। इससे वासवदत्ता के चरित्र पर कोई विशेष आक्षेप नही आता। अन्य टीकाकारो ने 'गत' का अर्थ 'प्राप्त' मान कर ऐसी कल्पना की है। पर इस प्राप्त अर्थ की व्यर्थता 'मया गतोऽर्थ' ऐसे बेढगे प्रयोग से स्पष्ट हो जाती है। उपर्युक्त भाव की छाया कालिदास के मेघदूत की निम्नाङ्कित दो पक्तियो मे कितने सुन्दर ढग से उतारी गई है—

कस्यात्यन्त सुखमुपनत दु खमेकान्ततो वा।
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण॥

ऐसा ही भाव हितोपदेश मे भी मिलता है—

चक्रवत् परिवर्तन्ते दु खानि च सुखानि च।

[तत प्रविशति काञ्चुकीय]

काञ्चुकीयः—सम्भपक ! न खलु न खलूत्सारणा कार्या।

पश्य—

कञ्चुकी=अन्त पुर मे रहने वाले वृद्ध ब्राह्मण को कञ्चुकी कहा जाता है। कञ्चुकी का लक्षण—

अन्त पुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वित।
सर्वकार्यार्थ - कुशल कञ्चुकीत्यभिधीयते॥
ये नित्य सत्यसम्पन्ना कामदोषविवर्जिता।
ज्ञानविज्ञानकुशला काञ्चुकीयास्तु ते स्मृता॥

कञ्चुकी और काञ्चुकीय मे कोई भेद नही। कञ्चुक लम्बे चोगे को कहते है।

व्याकरण—कञ्चुकी=कञ्चुक अस्यास्ति इति, (कञ्चुक + इन्) कञ्चुकिन्। न खलु, न खलु='न खलु' का दो वार प्रयोग ज़ोर डालने के लिए किया गया है। सम्भपक=सिपाही का नाम है। चूंकि सिपाही प्राय उचितानुचित भापरण की परवाह नही करते, इसलिए कवि ने सम्भषक (भौकने वाला) नाम गुणानुसार रखा है।

परिहरतु भवान् नृपापवाद
न परुषमाश्रमवासिपु प्रयोज्यम्।
नगरपरिभवान् विमोक्तुमेते
वनमभिगम्य मनस्विनो वसन्ति ॥५॥

उभौ—अय्य ! तह।
आर्य ! तथा।

[निष्क्रान्तौ]

यौगन्धरायणः—हन्त ! सविज्ञानमस्य दर्शनम्। वत्से! उपसर्पावस्तावदेनम्।

वासवदत्ता—अय्य ! तह।
आर्य ! तथा।

यौगन्धरायणः—[उपसृत्य] भो· ! किंकृतेयमुत्सारणा।

काञ्चुकीयः—भोस्तपस्विन् !

अन्वय —भवान् नृपापवाद परिहरतु, आश्रमवासिषु परुष न प्रयोज्यम्, *एते मनस्विन नगरपरिभवान् विमोक्तु वनम् अभिगम्य वसन्ति।*

पदार्थ—**नृपापवादम्**=राजा की निन्दा (लोगो को निकालने के कारण जो अपयश सम्भव होता है। **परिहरतु**=परे हटाओ (दूर करो), (क्योकि नौकरो का अपराध प्राय स्वामी के माथे ही मढा जाता है)। **परुष**=कठोर (वचन), (निकालने मे प्राय कठोर शब्द प्रयुक्त करने ही पडते हैं)। **मनस्विन** =आत्माभिमानी

(Sensitive) जिनको अणुमात्र अपमान भी असह्य होता है।
अभिगम्य=आकर।

व्याकरण—नगरपरिभवान्=नगरे सुलभा परिभवा तान्। मनस्विन =मनस्+विनि (अस्मायामेधास्रजो विनि) मनस्विन् शब्द की प्रथमा का बहुवचन। प्रशस्त मन एपामस्तीति मनस्विन। हन्त=अव्यय है। यह प्रसन्नता अथवा आश्चर्य प्रकट करने के लिए प्रयुक्त होता है। सविज्ञानम्=विविच्य धर्माधर्मयोर्ज्ञान विज्ञानम्। दर्शनम्=दृश्यते वस्तु अनेनेति दर्शन बुद्धि।

'सविज्ञानमस्य दर्शनम्' भास का यह प्रयोग कुछ अखरता है। सरलता से अर्थ-प्रतीति नही होती। दर्शन के कई अर्थ हैं, परन्तु यहाँ बुद्धि ही विशेष उपयुक्त प्रतीत होता है। क्योकि यौगन्धरायण ने बुद्धिवाली बात कही है। 'हन्त' का प्रयोग प्रसन्नता अथवा आश्चर्य प्रकट करने के लिए प्राय वाक्य के प्रारम्भ मे होता है। जैसा कि कहा है—'हन्त हर्षेऽनुकम्पाया वाक्यारम्भविषादयो'।

यौगन्धरायणः—[आत्मगतम्] तपस्विन्निति गुणवान खल्वयमालापः। अपरिचयात्तु न श्लिष्यते मे मनसि।

भावार्थ—राजा अभी-अभी वासवदत्ता के लिए शोक कर रहा था, परन्तु ज्योंही उसने पद्मावती के रोग के विषय में सुना, उसके हृदय को इतनी कड़ी चोट पहुँची कि उसे आशङ्का होने लगी कि मानो पद्मावती भी उससे सदा के लिए चली जा रही हो।

विदूष०—समुद्रगृह में शय्या लगाई है।

राजा—तो उसका रास्ता बताओ।

विदूष०—आइए, महाराज, आइए। (दोनों घूमते हैं)

विदूष०—यह समुद्रगृह है। आप प्रवेश करें।

राजा—पहले तुम चलो।

विदूष०—महाराज ऐसे ही सही। हाय, रे हाय! ठहरिए महाराज ठहरिए।

राजा—किसलिए?

विदूष०—दीपक के प्रकाश में दिखाई देते हुए आकार से निश्चय ही यह भूमि पर लोटता हुआ साँप है।

राजा—(प्रवेश करके, देखकर मुस्कराते हुए) वाह, मूर्ख इसे साँप समझ रहा है।

हे मूर्ख, (समुद्रगृह के) मुख्य-द्वार की महराब से भूमि पर गिरी हुई, सीधी और लम्बी हिलती हुई माला को तू साँप समझ रहा है, जो रात की मन्द पवन से हिलती हुई कुछ-कुछ साँप की-सी चेष्टाएँ कर रही है। वसन्ततिलका वृत्त ॥६॥

भावार्थ—जिसको तुम साँप समझ रहे हो, यह साँप नहीं बल्कि माला है। केवल वायु के कारण साँप की तरह हिल रही है।

विदूष०—आप ठीक कहते हैं। यह निश्चय ही साँप नहीं है। (प्रवेश करके और देखकर) (मालूम होता है) माननीय पद्मावती यहाँ आकर चली गई हैं।

राजा—मित्र, वह यहाँ नहीं आई होगी।

विदूष०—आप कैसे जानते हैं ?

राजा—इसमें जानने की क्या बात है ? देखो—

शय्या नीचे दबी हुई नहीं है, यह उसी तरह खिंची हुई है। चादर भी सिकुड़ी हुई नहीं है। स्वच्छ तकिया भी सिरपीड़ा की दवाओं से मैला नहीं हुआ। रोग में (रोगिणी की) आँखों को लुभाने के लिए कोई सजावट भी नहीं की गई। रोग के कारण मनुष्य जब (एक बार) शय्या पर पड़ जाता है तो अपने-आप इतनी जल्दी उसे नहीं छोड़ता। शार्दूलविक्रीडित वृत्त ॥४॥

भावार्थ—यहाँ पर पद्मावती को न पाकर और शय्या को पहले की तरह साफ-सुथरी देखकर, राजा अनुमान करता है कि पद्मावती यहाँ नहीं आई। अन्यथा यह कैसे सम्भव हो सकता था कि वह इतनी जल्दी स्वस्थ होकर शय्या छोड़ दे।

विदूष०—तो आप इस शय्या पर बैठकर थोड़ी देर तक श्रीमती (पद्मावती) की प्रतीक्षा करें।

राजा—अच्छा। (बैठकर) मित्र मुझे नींद सता रही है। कोई कथा सुनाओ।

विदूष०—मैं सुनाऊँगा, आप हुँकारा भरें।

राजा—अच्छा।

विदूष०—उज्जयिनी नाम की एक नगरी है। वहाँ निश्चय ही स्नान करने के बड़े सुन्दर स्थान हैं।

राजा—क्या तुम उज्जयिनी की याद कर रहे हो ?

विदूष०—यदि यह कहानी पसन्द नहीं तो मैं दूसरी सुनाता हूँ।

राजा—मित्र, ऐसा नहीं कि कहानी अच्छी नहीं परन्तु—

मैं अवन्तिराज की कन्या को याद कर रहा हूँ, जिसने (उज्जयिनी से) जाते समय अपने सम्बन्धियों की याद करके स्नेह से उमड़े आँखों के किनारे से लगे हुए आँसुओं को मेरी ही छाती पर गिराया था। इन्द्रवज्रा ॥५॥

भावार्थ—विदूषक के मुख से उज्जयिनी का नाम सुनकर राजा को वासवदत्ता की याद आने लगती है। जब राजा उसे उज्जयिनी से भगा कर ला रहा था तो किस प्रकार अपने माता-पिता आदि के वियोग के कारण उसने चुपचाप आँसू बहाये थे। उस समय का सारा दृश्य राजा की आँखों के सामने घूम रहा है।

कई बार वीणा सीखने के समय मुझे एकटक देखने के कारण हाथ से मिज़राब गिर जाने से, हवा में ही बजाने की क्रिया करती थी ॥६॥

भावार्थ—वीणा सीखते समय वासवदत्ता अपने पाठ्यविषय की ओर न देखकर राजा के मुख को एकटक देखती थी। वह प्रेम के कारण यहाँ तक अपनी सुधबुध खो देती थी कि उसे यह भी ध्यान नहीं रहता था कि उसके हाथ से मिज़राब गिर गई है, और वह पूर्ववत् खाली हाथों से बजाने की क्रिया करती रहती थी।

विदूष०—अच्छा, मैं और कथा सुनाता हूँ। ब्रह्मदत्त नाम का एक नगर है। वहाँ काम्पिल्य नाम का एक राजा था।

राजा—क्या कहा, क्या ?

विदूष०—(फिर वैसे ही कहता है)

राजा—मूर्ख ! राजा ब्रह्मदत्त और नगर काम्पिल्य इस प्रकार कहो।

विदूष०—क्या राजा ब्रह्मदत्त और नगर काम्पिल्य ?

राजा—हाँ ऐसे ही।

विदूष०—तो आप थोड़ी देर इन्तज़ार करें। जब तक मैं इसे अच्छी तरह याद कर लूं। राजा ब्रह्मदत्त, नगर काम्पिल्य। अब आप सुनें। अरे, आप तो सो गये। इस समय बड़ी सर्दी है। अपनी ओढ़नी (चादर) लेकर आता हूं।

(प्रस्थान)

(आवन्तिका वेष में वासवदत्ता और चेटी का प्रवेश)

चेटी—आर्या, आइए, इधर आइए। राजकुमारी शिर-पीड़ा से बहुत दुःखी है।

वासव०—कहाँ कष्ट है, पद्मावती की शय्या कहाँ लगाई गई है ?

चेटी—समुद्रगृह में शय्या लगाई गई है ।

वासव०—तो आगे चलो ।

चेटी—यह समुद्रगृह है । आर्या प्रवेश करें, जब तक मैं भी सिर का लेप लाने के लिए जल्दी करूँ ।

वासव०—आह, मेरे लिए देवता लोग बड़े निर्दय हैं । वियोग से व्याकुल आर्यपुत्र की एक-मात्र आसरा यह पद्मावती भी बीमार हो गई है । तो मैं अन्दर जाती हूँ । (प्रवेश करके और देखकर) दासियों की कितनी लापरवाही है ! बीमार पद्मावती को अकेली छोड़कर चली गई हैं । अब पद्मावती सो रही है । तो मैं बैठती हूँ । अथवा अलग जगह पर बैठने से प्रेम कम ही दिखाई देता है । तब इसी शय्या पर बैठती हूँ । (बैठकर) आज इसके साथ बैठकर मेरा हृदय बड़ा प्रसन्न हो रहा है । सौभाग्य से यह बड़े आराम से बिना रुके साँस ले रही है । अवश्य ही स्वस्थ हो गई है । आधा शय्या के एक भाग को (मेरे लिए) छोड़ रखने से कह रही है कि मैं इसका आलिङ्गन करूँ । तो (इसके साथ) सोती हूँ ।

(सोने का नाट्य करती है)

राजा०—(स्वप्न में) हाय वासवदत्ता !

वासव०—(अचानक उठकर) ओह, ये तो आर्यपुत्र हैं ! पद्मावती नहीं है । क्या मुझे देख लिया गया है ? तब तो निश्चय ही आर्य यौगन्धरायण की प्रतिज्ञा का महान् भार मेरे देखे जाने से व्यर्थ हो गया है ।

राजा—हाय, अवन्तिराज की कन्या !

वासव०—सौभाग्य से आर्यपुत्र को स्वप्न आ रहा है । यहाँ कोई भी नहीं है । तो मैं थोड़ी देर ठहरकर आँखों और हृदय को रिझाऊँ ।

राजा—हे प्यारी ! शिष्ये ! मुझे उत्तर दो ।

वासव०—स्वामी, बोल रही हूँ । बोल रही हूँ ।

राजा—क्या नाराज हो ?

वासव०—नहीं, नहीं, दुःखित हूँ ।

राजा—यदि नाराज़ नहीं तो गहने क्यों नहीं पहनती ?

वासव०—इससे अधिक और क्या हो सकता है !

राजा—क्या विरचिका याद आ रही है ?

वासव०—(क्रोध से) आह, परे हटो ! यहाँ भी है विरचिका !

राजा—इसीलिए विरचिका के कारण मैं तुम्हे प्रसन्न करता हूँ ।

(दोनों हाथ फैलाता है ।)

वासव०—मैं (यहाँ) देर तक ठहर गई हूँ । कोई मुझे देख न ले। तो मैं जाती हूँ । अथवा शय्या के नीचे लटके हुए आर्यपुत्र के हाथ को शय्या के ऊपर रखकर जाती हूँ । (वैसे ही करके जाती है ।)

राजा—(एकाएक उठकर) वासवदत्ता, ठहर, ठहर । हाय !

शीघ्रता से निकलते हुए मैं किवाड़ से टकरा गया हूँ । इसलिए मैं स्पष्टरूप से नहीं जानता कि क्या यह सच था, या मेरे मन की कल्पना ॥७॥

(विदूषक का प्रवेश)

विदूष०—अहो ! महाराज जाग पड़े ।

राजा—मित्र, खुशी की बात सुनाता हूँ—वासवदत्ता जीवित है ।

विदूष०—हाय, वासवदत्ता? वासवदत्ता कहाँ ! वासवदत्ता तो देर की मर चुकी है ।

राजा—मित्र, ऐसी बात मत कहो ।

हे मित्र, शय्या पर आधी नींद सोये हुए मुझको वह जगाकर चली-गई है । पहले रुमण्वान् ने 'जल गई है' यह कहकर मुझे धोखा दिया था ॥८॥

विदूष०—हाय ! यह असम्भव है । याद आ गया, उज्जयिनी के स्नान के स्थानों का वर्णन सुनकर उस श्रीमती का ध्यान करने से वह स्वप्न में दिखाई दी होगी ।

राजा—तो क्या मैंने स्वप्न देखा है ?

यदि यह स्वप्न था तो न जागना ही अच्छा था, और यदि भ्रम है तो ऐसा भ्रम मुझे चिरकाल तक रहे ॥९॥

भावार्थ—न जागने से राजा का अभिप्राय है कि वह वासवदत्ता को स्वप्न में देखता रहता। इसलिए उसको इस बात की परवाह नहीं है कि यह स्वप्न है अथवा भ्रम।

विदूष०—हे मित्र, इस नगर में अवन्तिसुन्दरी नाम वाली यक्षिणी रहती है। वह आपने देखी होगी।

राजा—नहीं, नहीं।

स्वप्न के अन्त में जागने पर मैंने पतिव्रत-धर्म का पालन करती हुई वासवदत्ता के काजल से रहित नेत्रों वाले, लम्बे (बिखरे हुए) बालों वाले मुख को देखा है ॥१०॥

भावार्थ—वासवदत्ता के काजल-रहित नेत्र तथा बिखरे हुए बाल उसकी वियोग अवस्था को अच्छी तरह प्रकट करते हैं। स्त्रियाँ पति के वियोग में किसी भी प्रकार का शृङ्गार नहीं करती।

—और भी, हे मित्र, देखो, देखो।

डरी हुई उस देवी ने जो मेरी इस बाहु को दबाया था, वह मेरी बाहु स्वप्न में उत्पन्न हुए रोमाञ्च को अब भी नहीं छोड़ती ॥११॥

भावार्थ—वासवदत्ता के स्पर्श के कारण, राजा की बाहु जिस प्रकार स्वप्नावस्था में रोमाचित हो उठी थी, जागने पर भी उसी तरह हो रही है।

विदूष०—आप अब व्यर्थ मत सोचें। आप आइए, चतु:शाला में चलें।

(कंचुकी का प्रवेश)

कंचुकी—आर्य की जय हो ! हमारे महाराज दर्शक ने आपको कहा है कि यह आपका मन्त्री रुमण्वान् बड़ी भारी सेना लेकर आरुणि का नाश करने के लिए आया है। और मेरी सेना के विजय दिलाने वाले सब अङ्ग— हाथी, घोड़े, रथ, पैदल सब तैयार हैं। इसलिए आप उठें। और भी—

आपके शत्रुओं में फूट डाल दी गई है। गुणों के कारण आपको चाहने वाले लोगों को तसल्ली दे दी गई है। चढाई के समय सेना के पिछले भाग की रक्षा का भी प्रबन्ध कर दिया गया है। शत्रु का विनाश करने के लिए जो साधन हो सकते हैं उनको पूरा कर लिया गया है। हमारी सेना ने गङ्गा को पार कर लिया है और वत्सदेश तुम्हारे हाथ में है। शार्दूलविक्रीडित वृत्त ॥१२॥

भावार्थ—कंचुकी का उपर्युक्त कथन राजा को उत्तेजित करने के लिए है। राजा वासवदत्ता के चिन्तन में बड़ा अधीर हो रहा था। ऐसी अवस्था में उससे युद्ध होना कैसे सम्भव हो सकता था। दूसरा, कंचुकी ने राजा को सैनिक स्थिति का भी पूरा-पूरा हाल बता दिया है जिसमे राजा सब प्रकार से सावधान हो जाय।

राजा—(उठकर) बहुत अच्छा। अब मै—

उतरे हुए (सचार करते हुए) हाथी घोड़ों से युक्त तथा चलाये हुए बाणरूपी भयानक लहरों से भरे हुए, महासागर-जैसे युद्धक्षेत्र में, क्रूर कर्म करने में चतुर आरुणि के पास जाकर उसका नाश करूँगा ॥१३॥

(सब का प्रस्थान)

छठा अङ्क

(कंचुकी का प्रवेश)

कंचुकी—अरे, यहाँ सुनहरे मुख्य द्वार पर कौन खड़ा है ?

(प्रतिहारी का प्रवेश)

प्रति०—आर्य, मैं विजया हूँ। (कहो) क्या आज्ञा ?

कंचुकी—श्रीमति, वत्सराज्य की प्राप्ति से बढ़े हुए प्रताप वाले (महाराज) उदयन से निवेदन कीजिए कि (महाराज) महासेन की ओर से रैभ्य गोत्रवाला कञ्चुकी आया है। पूज्या अङ्गारवती की भेजी हुई वासव-दत्ता की धाय वसुन्धरा भी (आई है)। और (दोनों) द्वार पर खड़े हैं।

प्रति०—आर्य, सन्देश के लिए उचित स्थान अथवा समय नहीं।

कञ्चुकी—क्यों उचित स्थान और समय नहीं है ?

प्रति०—आर्य, सुनिए, आज महाराज के सूर्यामुख महल के ऊपर चले जाने पर किसी ने वीणा बजाई। उसे सुनकर महाराज ने कहा—घोपवती-जैसा शब्द सुनाई देता है।

कञ्चुकी—फिर ?

प्रति०—तब वहाँ जाकर (उससे) पूछा कि यह वीणा कहाँ से आई है ? उसने कहा—"मैंने इसे नर्मदा के तट पर कुश की झाडी में पड़ी हुई पाया है। यदि इससे कोई प्रयोजन है तो महाराज के लिए ले जाइए"। (वहाँ से) लाई हुई उसको (वीणा को) गोद में रखकर महाराज बेहोश हो गये। तब होश में आने पर आँसुओं से व्याकुल मुख वाले महाराज ने कहा—"घोपवती, तू मिल गई है। परन्तु वह (वासवदत्ता) नहीं मिली।" आर्य, इसलिए उचित समय नहीं है, कैसे निवेदन करूँ ?

कञ्चुकी—श्रीमति, अवश्य निवेदन कीजिए। यह भी उसी से संबंध रखता है।

प्रति०—आर्य, अभी निवेदन करती हूँ। ये महाराज सूर्यामुख महल से उतर रहे हैं। तो यहीं निवेदन करूँगी।

(दोनों का प्रस्थान)

मिश्रविष्कम्भक।

(राजा और विदूषक का प्रवेश)

राजा—हे कानों को प्रसन्न करने वाले शब्दवाली ! देवी (वासवदत्ता) के स्तनों और जंघाओं पर विश्राम करने वाली, तू, जिसका दण्ड पक्षिगण की बीठों से भर गया है, किस प्रकार भयानक जंगल में वास करती रही। पुष्पिताग्रा वृत्त ॥१॥

और भी, घोपवती, तुम प्रेम से हीन हो, जो उस बेचारी को याद नहीं करती।

तुझे जंघा पर उठाकर पहलू में दबाना, थकने पर स्तनों के बीच में रखकर तुम्हारा सुख देने वाला आलिङ्गन, वियोग में मेरे कारण विलाप करना और संगीत के विश्राम (विराम) में मुस्कराकर बातें

कन्चुकी—जी, हाँ। महासेन कुशलपूर्वक हैं। यहाँ के सब लोगों की भी कुशल पूछते हैं।

राजा—(आसन से उठकर) महासेन की क्या आज्ञा है ?

कन्चुकी—वैदेहीपुत्र (महाराज) के लिए यह योग्य ही है। परन्तु महाराज आसन पर बैठकर ही महासेन का सन्देश सुनें।

राजा—जैसी (महाराज) महासेन की आज्ञा। (बैठता है।)

कन्चुकी—सौभाग्य से शत्रुओं से छीना हुआ राज्य लौटा लिया है। क्योंकि—

जो लोग कायर और निर्बल होते हैं; उनमें उत्साह उत्पन्न नहीं होता। प्राय. उत्साह वाले पुरुष ही राजलक्ष्मी का भोग करते हैं ॥७॥

राजा—आर्य, यह सब (महाराज) महासेन का ही प्रभाव है। क्योंकि—

मुझे पहले हराकर पुत्रों की तरह (मेरा) पालन किया। मैं उनकी कन्या बलपूर्वक ले आया परन्तु मैंने उसकी रक्षा भी न की। उसकी मृत्यु सुनकर भी उनका मुझपर वैसा ही स्नेह (बन्धुभाव) है। निश्चय ही मैंने जो अपने वत्स देश को प्राप्त कर लिया है, इसका कारण भी महाराज ही हैं ॥८॥

भावार्थ—राजा बहुत पहले की घटनाएँ याद करके महाराज महासेन के प्रति कृतज्ञता प्रकाशन कर रहा है।

कंचुकी—यह (महाराज) महासेन का सन्देश है। महारानी का सन्देश ये माननीया कहेंगी।

राजा—हा माता !

सोलह रानियों में बड़ी, नगर की पवित्र देवता, मेरे दूरवास से दुखी मेरी माता कुशलपूर्वक तो हैं ? ॥९॥

धात्री—महारानी स्वस्थ हैं और आपकी सब तरह की कुशल पूछती हैं।

राजा—सब प्रकार की कुशल ? माता, ऐसी ही कुशल है।

धात्री—महाराज, अब अधिक सन्ताप न करें।

कंचुकी—आर्यपुत्र, धैर्य धारण करो। इस प्रकार आर्यपुत्र से प्रेमपूर्वक स्मरण की जाने पर महासेन की पुत्री मरी हुई भी जीवित है।

मृत्यु आने पर कौन किस की रक्षा कर सकता है? रस्सी टूटने पर घड़े को कौन (गिरने से) बचा सकता है? इस प्रकार वृक्ष के समान स्वभाव वाला मनुष्य समय-समय पर काटा जाता है और फिर उत्पन्न होता है ॥१०॥

भावार्थ—वृक्षों के उगने और कटने की तरह ही मनुष्य भी जन्म और मृत्यु को प्राप्त करता है। इसमें किसी का वश नहीं चलता। यह एक अटल नियम है।

राजा—आर्य, ऐसी बात मत कहो।

महासेन की कन्या मेरी शिष्या और प्यारी रानी थी। वह मुझे दूसरे जन्मों में भी क्यों न याद आयेगी ॥११॥

धात्री—महारानी ने कहा है—वासवदत्ता मर गई है। मुझे और महासेन को जैसे गोपालक और पालक हैं वैसे ही तुम हो, जिसे हमने पहले ही अपना जामाता पसन्द किया था। इसीलिए तुम उज्जयिनी लाये गये थे। अग्नि को साक्षी रखे बिना वीणा सिखलाने के बहाने से उसको तुम्हें दे दिया था। चञ्चलता के कारण तुम विवाह उत्सव हुए बिना ही चले गये थे। और तब हमने तुम्हारी और वासवदत्ता की तसवीर चित्रफलक पर बनवा कर विवाह सम्पूर्ण किया। यह चित्रफलक तुम्हारे पास भेज रही हूँ। इसे देखकर शान्त हो जाइए।

राजा—अहा, महारानी ने बड़ी मीठी और उचित बातें कही हैं।

ये शब्द सैकड़ों राज्यों की प्राप्ति से भी अधिक प्यारे हैं। जोकि उन्होंने मुझ अपराधी पर भी अपना स्नेह नहीं भुलाया ॥१२॥

पद्मा०—आर्यपुत्र, चित्र में लिखित बहिन का दर्शन करके मैं प्रणाम करना चाहती हूँ।

धात्री—देखिए, देखिए, राजकुमारी (चित्रपट दिखलाती है।)

पद्मा०—(देखकर, अपने मन में) हूँ ! यह तो आर्या आवन्तिका से बहुत मिलती जुलती है। (प्रकट) क्या यह आर्या की आकृति से मिलती जुलती है ?

राजा—न केवल मिलती-जुलती है। बल्कि मैं समझता हूँ वही है। हाय कष्ट !

ऐसे सुन्दर रूप पर भयानक मुसीबत किस तरह आ पड़ी ! और मुख की इस सुन्दरता को अग्नि ने किस प्रकार नष्ट किया ! ॥१३॥

पद्मा०—आर्यपुत्र के चित्र को देखकर पता करूँ कि यह आर्या से मिलती-जुलती है कि नहीं।

धात्री—राजकुमारी, देखो, देखो।

पद्मा०—(देखकर) आर्यपुत्र की तसवीर के सादृश्य से जान लूँगी कि यह आर्या से मिलती है या नहीं।

राजा—देवि ! चित्र देखने के समय से लेकर मैं तुम्हें प्रसन्न और उदास देख रहा हूँ। यह क्या बात है ?

पद्मा०—इसी चित्र से मिलती-जुलती एक स्त्री यहाँ भी रहती है।

राजा—क्या वासवदत्ता से ?

पद्मा०—जी हाँ।

राजा—तो उसको शीघ्र ले आओ।

पद्मा०—आर्यपुत्र, मेरी कौमार्यावस्था में किसी ब्राह्मण ने 'मेरी बहिन है' यह (कहकर) इसे धरोहर रखा था। वह प्रोषितभर्तृका होने के कारण पराये मनुष्य का दर्शन नहीं करती। तो आर्या (वसुन्धरा) देख ले कि यह उसके समान है या नहीं।

राजा—यदि वह ब्राह्मण की बहिन है तो साफ है कि कोई और (स्त्री) होगी। ससार में कभी-कभी एक दूसरे की आकृति भी मिलती हुई देखने में आती है ॥१४॥ (प्रवेश करके)

प्रति०—महाराज की जय हो। उज्जयिनी का रहने वाला एक ब्राह्मण, जिसने राजकुमारी के पास बहिन को धरोहर रखा था, उसको वापिस

लेने के लिए द्वार पर खड़ा है।

राजा—पद्मावती, क्या वही ब्राह्मण है ?

पद्मा०—हो सकता है।

राजा—शिष्टाचार के साथ उस ब्राह्मण को जल्दी अन्दर ले आओ।

पद्मा—जैसी राजा की आज्ञा। (गमन)

राजा—पद्मावती, तुम भी उस (आवन्तिका) को ले आओ।

पद्मा०—जैसी आर्यपुत्र की आज्ञा। (गमन)

(तब यौगन्धरायण और प्रतीहारी का प्रवेश)

यौगन्ध०—(अपने मन में) ओह !

महाराज के हित के लिए महारानी को छिपाकर भलाई के विचार से मैंने यह सब इच्छानुसार किया है। काम के सिद्ध हो जाने पर भी 'यह महाराज क्या कहेंगे' इस शङ्का से मेरा मन व्याकुल है ॥१५॥

भावार्थ—महाराज के लिए इतना कुछ करने पर भी यौगन्धरायण मन में डर रहा है कि कहीं महाराज उसकी नीति पर अप्रसन्न न हो जायँ। इससे यौगन्धरायण की अनन्य स्वामिभक्ति का परिचय मिलता है।

प्रति०—ये महाराज हैं। आप पास चलें।

यौगन्ध०—जय हो महाराज, जय हो।

राजा—आवाज़ तो सुनी हुई-सी है। हे ब्राह्मण ! क्या आपने अपनी बहिन को पद्मावती के पास धरोहर रखा था।

यौगन्ध०—जी हाँ।

राजा—तो शीघ्र ही इनकी बहिन को ले आओ।

प्रति०—जैसी महाराज की आज्ञा।

(तब पद्मावती, आवन्तिका और प्रतिहारी का प्रवेश)

पद्मा०—आर्या, इधर आओ। तुम्हें प्रिय बात सुनाती हूं।

आव०—क्या, क्या ?

पद्मा०—तुम्हारा भाई आया है।

आव०—सौभाग्य से अब भी मुझे याद करता है।

पद्मा०—(पास आकर) आर्यपुत्र की जय हो। यह धरोहर है।

राजा—लौटा दो, पद्मावति ! गवाह के सामने ही धरोहर लौटाना चाहिए। यहाँ पर आर्य रैभ्य और मान्या (वसुन्धरा) साक्षी होंगे।

पद्मा०—आर्य, अब आर्या को ले जाइए।

धात्री—(आवन्तिका को अच्छी तरह देख कर) अहा ! यह तो राजकुमारी वासवदत्ता है।

राजा—क्या महासेन की पुत्री ? रानी ! तुम पद्मावती के साथ अन्दर चलो।

यौगन्ध०—नहीं नहीं, इसे अन्दर नहीं भेजना चाहिए। यह तो निश्चय ही मेरी बहिन है।

राजा—आपने क्या कहा ? यह तो महासेन की कन्या है।

यौगन्ध०—हे राजन्,

आपने भरतकुल में जन्म लिया है। (आप) विनीत ज्ञानी पवित्र और राजधर्म के प्रदर्शक हैं। इसलिए (इसको) ज़बरदस्ती छीनना आपको उचित नहीं ॥१६॥

राजा—अच्छा, तो देखते हैं कि कहाँ तक रूप मिलता है। पर्दा (घूंघट) हटा दो।

यौगन्ध०—महाराज की जय हो।

वासव०—आर्यपुत्र की जय हो।

राजा—अहो ! यह यौगन्धरायण ! यह महासेनपुत्री !

क्या यह सच है अथवा स्वप्न ? उसे मैं फिर देख रहा हूँ। मैंने उस समय भी इस प्रकार देखा था (परन्तु) तब भी मैं ठगा गया था ॥१७॥

यौगन्ध०—महाराज, रानी को ले जाने से मैं निश्चय ही अपराधी हूँ। महाराज, मुझे क्षमा करें। (राजा के चरणों पर गिरता है।)

राजा—(उठाकर) आप सचमुच यौगन्धरायण हैं !

झूठे पागलपन, युद्धों और शास्त्रानुसार परामर्शों (विचारों) से—इस तरह के आपके प्रयत्नों से हम डूबते हुए उबर आये हैं ॥१८॥

भावार्थ—यौगन्धरायण ने वासवदत्ता के विवाह से पहले उदयन को महासेन की कैद से छुड़ाने के लिए जो पागल का वेश धारण किया था, राजा उसका संकेत कर रहा है।

यौगन्ध—हम तो महाराज के भाग्य के पीछे चलने वाले हैं।

पद्मा०—अहा यह आर्या (वासवदत्ता) है! मैंने न जानते हुए सखियों जैसा बर्ताव करने से शिष्टाचार का उल्लंघन किया है। इसलिए सिर झुकाकर क्षमा माँगती हूँ।

वासव०—(पद्मावती को उठाकर) हे सौभाग्यवति! उठो, उठो। इसमें प्रार्थी का (मेरा अपना) अपराध है।

पद्मा०—मैं कृतार्थ हो गई हूँ।

राजा—मित्र यौगन्धरायण! रानी को छिपाने में तुम्हारा क्या अभिप्राय था?

यौगन्ध०—ताकि सारी कौशाम्बी की रक्षा कर सकूँ।

राजा—और पद्मावती के हाथ धरोहर रखने से क्या अभिप्राय?

यौगन्ध०—पुष्पकभद्रादि सिद्धों ने बतलाया था कि (पद्मावती) महाराज की रानी बनेंगी।

राजा—क्या यह रुमण्वान् को भी पता था?

यौगन्ध०—महाराज! सब को ही पता था।

राजा—ओह! रुमण्वान् निश्चय ही बड़ा धूर्त है!

यौगन्ध०—महाराज, देवी का कुशल-समाचार बतलाने के लिए माननीय रैभ्य और मान्या वसुन्धरा को आज ही लौटा दीजिए।

राजा—नहीं-नहीं। देवी पद्मावती के साथ हम सब चलेंगे।

यौगन्ध०—जैसी महाराज की आज्ञा।

भरतवाक्य—हमारे सिंह के सदृश महाराज, समुद्र तक फैली हुई, हिमालय और विन्ध्याचल रूपी कुण्डलों वाली, एक राज्य-छत्र से चिह्नित इस पृथ्वी पर (चिरकाल तक) शासन करें।

(सब का निर्गमन)

परीक्षोपयोगी सन्दर्भों की सप्रकरण व्याख्या

EXPLANATION WITH REFERENCE TO CONTEXT

पहला अङ्क

१. एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यवधूयन्ते [पृ० ३६, पं० १८]

तपोवन में पहुँचकर जब वासवदत्ता ने देखा कि राजपुरुष आश्रम-वासियों को वहाँ से निकाल रहे हैं, तो उसे भय हुआ कि कहीं वह भी न निकाली जाय। इसलिए उसने यौगन्धरायण से पूछा कि क्या वह भी वहाँ से निकाली जायगी। इस पर यौगन्धरायण उसे समझाने के लिए कह रहा है कि 'परिचय न होने से देवताओं का भी अपमान हो जाता है।' अत उसके इस प्रकार कहने का अभिप्राय यह है कि उसे अपमान से डरना नहीं चाहिए। यहाँ किसी को क्या पता कि वह महा-रानी वासवदत्ता है।

२ कालक्रमेण जगत परिवर्तमाना,

चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्ति। [पृ० ३८, पं० १४]

जब तपोवन में वासवदत्ता निकाले जाने के डर से बहुत व्यथित होती है, तब यौगन्धरायण उसे तसल्ली देते हुए कहता है कि 'काल के अनुसार मनुष्यों का भाग्य पहियों के अरों (Spokes) के समान घूमता हुआ चलता है।' भाव यह है कि जिस प्रकार पहियों के अरे ऊपर और नीचे जाते रहते है इसी प्रकार मनुष्य के भाग्य में भी घटा-बढ़ी होती रहती है। कभी अच्छे दिन आते हैं कभी बुरे। तुमने बहुत अच्छे दिन देखे हैं और अब भी वह समय दूर नहीं जब फिर वैसा ही आनन्दमय जीवन व्यतीत करोगी।

३. प्रद्वेषो बहुमानो वा सङ्कल्पादुपजायते। [पृ० ४३, पं० ६]

पद्मावती को देखकर यौगन्धरायण के मन में उसके प्रति कुछ आत्मीयता के भाव उदय होने लगते हैं। इस कारण वह अपने मन में कहता है कि 'द्वेष या आदर मन के भावों से ही उत्पन्न होता है।' चूँकि वह पद्मावती को अपने महाराज की रानी बनाना चाहता है, इसीलिए उसके मन में उसके प्रति अपनापन-सा अनुभव हो रहा है। पद्मावती के कारण भृत्यों द्वारा की गई उत्सारणा को देखकर यौगन्धरायण के मन में तनिक द्वेष के भाव जागरित हुए थे, परन्तु तत्काल विलीन हो गये।

४. दुःखं न्यासस्य रक्षणम्। [पृ० ४६, पं० ४]

जब बहन को धरोहर रखने के लिए यौगन्धरायण पद्मावती से प्रार्थना करता है तब उसके इस प्रस्ताव मे कन्चुकी सहमत नहीं होता। और कहता है कि 'धरोहर की रक्षा करनी कठिन है।' वह समझता है कि एक स्त्री की रक्षा का भार अपने ऊपर लेना बहुत कठिन है। धन, प्राण, तप आदि का त्याग हो सकता है परन्तु इतनी भारी ज़िम्मेवारी का भार उठाना बड़ा संकटपूर्ण है।

५. नहि सिद्धवाक्यान्युत्क्रम्य गच्छति विधिः सुपरीक्षितानि। [पृ० ५१ पं० ३]

यौगन्धरायण वासवदत्ता को पद्मावती के पास धरोहर रखने के बाद अपने मन में सोचता है कि उसने ठीक ही किया है। क्योंकि 'भाग्य अच्छी तरह परखे हुए सिद्ध पुरुषों की वाणी के अनुसार ही चलते हैं।' इसलिए जो उसने सिद्धों की भविष्यवाणी पर विश्वास करके वासवदत्ता का धरोहर रखना आदि कार्य किये हैं वे उचित ही हैं। भयभीत होने का कोई कारण नहीं।

दूसरा अङ्क

६. सर्वजनमनोऽभिरामं खलु सौभाग्यं नाम। [पृ० ६६, पं० २३]

पद्मावती के गेंद खेलते हुए हँसी-हँसी में उदयन का प्रसङ्ग आ गया। जब चेटी उसके रूप के विषय में सन्देह प्रकट करने लगी तो वासवदत्ता से

न रहा गया, और कह उठी कि 'नहीं, रूपवान् ही है।' इस पर पद्मावती के पूछने पर 'आप कैसे जानती हैं' वासवदत्ता ने कहा कि उज्जयिनी के लोग उसके रूप की प्रशंसा करते हैं। इस पर पद्मावती ने कहा कि यह सम्भव है क्योंकि 'सौन्दर्य सब के मन को भाता है।' ऐसा कहते हुए वह वासवदत्ता की बात का अनुमोदन करती है कि उदयन अवश्य ही सुन्दर होगा।

७. आगमप्रधानानि सुलभपर्यवस्थानानि महापुरुषहृदयानि भवन्ति।
[पृ० ६८, पं० ८]

जब पद्मावती वासवदत्ता और चेटी के साथ गेंद खेलने में लगी हुई थी, तब धात्री ने आकर बतलाया कि उसकी उदयन से सगाई हो गई है। इस पर वासवदत्ता ने कहा कि यह अनर्थ है। राजा पहली स्त्री को इतनी जल्दी कैसे भूल गया है। उस समय धात्री कहती है कि 'शास्त्रों के प्रभाव से महापुरुषों के हृदय आसानी से प्रकृतिस्थ हो जाते हैं।' चूँकि उदयन शास्त्रानुसार चलने वाले हैं और इसलिए संसार को नाशवान् समझते हुए उन्होंने अपने मन को सँभाल लिया है। अतः उसे इस पर आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

तीसरा अङ्क

८. धन्या खलु चक्रवाकवधू यान्योन्यविरहिता न जीवति।
[पृ० ७०, पं० १६]

वासवदत्ता के लिए पद्मावती के विवाह के आमोद-प्रमोद में भाग लेना असम्भव हो जाता है और वह वहाँ से हटकर प्रमदवन में अकेली बैठकर कहती है—'अवश्य ही चकवी धन्य है जो अलग होकर नहीं जीती'। वासवदत्ता चकवी को धन्य समझती है जो पति के वियोग में दुःख भोगने के लिए जीवित नहीं रहती। वह अपने-आपको बड़ी अभागिन समझ रही है, क्योंकि पति से अलग होकर पत्नी को मर जाना ही अच्छा है।

चौथा अङ्क

९. अधन्यस्य मम कोकिलानाम् अक्षिपरिवर्त इव कुक्षिपरिवर्तः संवृत्त । [पृ० ७८, प० १५]

चेटी जब विदूषक से राजा के लिए अंगराग लाने के लिए पूछती है, तब वह उसे भोजन न लाने के लिए कहता है। चेटी इसका कारण पूछती है, तो विदूषक कहता है कि—'जिस प्रकार कोयल की आँखें घूमती हैं उस प्रकार मेरा पेट घूम (गुड़गुड़ कर) रहा है'। भाव यह है कि पेट में विकार हो जाने से वह भोजन नही कर सकेगा। भोजन का विषय न होने पर भी विदूषक का ध्यान उधर ही है, चाहे उसे अस्वस्थ होने के कारण उसका निषेध करना पड़ा है।

१०. भवतु भवतु। दत्तं वेतनमस्य परिखेदस्य। [पृ० ९४, पं० १२]

विदूषक के आग्रह करने पर जब राजा स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लेता है कि उसे वासवदत्ता से अधिक प्रेम है, तो वासवदत्ता, जो वहाँ ओट में खड़ी थी, बहुत प्रसन्न होती है। वह कहती है कि—'ठीक है, मुझे इस कष्ट का मूल्य मिल गया है'। वास्तव में अज्ञातवास के जिन कष्टों का वह सामना कर रही है, वे सब अब उसे तुच्छ दिखाई देने लगते हैं। वह समझने लगती है कि उसका कष्ट-सहन व्यर्थ नहीं गया। पति उसे प्रेम करता है, यह जानकर उसे परम परितोष प्राप्त होता है।

११. अहो सदाक्षिण्यस्य जनस्य परिजनोऽपि सदाक्षिण्य एव भवति। [पृ० १००, पं० २५]

प्रमदवन में राजा और विदूषक बैठे हुए थे। राजा वासवदत्ता की याद में रो रहा था। राजा के आँसुओं से भरे हुए मुख को धुलाने के लिए विदूषक जल लाया। इसी समय पद्मावती वहाँ आ गई और विदूषक से राजा के रोने का कारण पूछने लगी। विदूषक टाल गया और कहने लगा कि काश-फूल की धूलि पड़ जाने से राजा की आँखों में आँसू आ गये हैं। पद्मावती सब कुछ समझती थी। वह मन में सोचती है कि—'चतुर पुरुषों के नौकर भी चतुर होते हैं'। जिस प्रकार राजा

अपने मन की अवस्था का हाल प्रकट नहीं होने देता, उसी प्रकार उस का नौकर भी भेद को निकलने नहीं देता।

पाँचवाँ अङ्क

१२. प्राणी प्राप्य रुजा पुनर्न शयनं शीघ्रं स्वयं मुञ्चति।

[पृ० १११, प० ६]

राजा पद्मावती की शिर-पीड़ा का समाचार सुनकर उसे देखने के लिए समुद्रगृह में जाता है। वहाँ शय्या को शून्य देखकर सोचने लगता है आखिर बात क्या है। क्योंकि—रोगी शय्या पर पड़कर इतनी जल्दी कैसे उठ सकता है। यदि पद्मावती सिर-दर्द के कारण बीमार पड़ी होती तो इतनी जल्दी उसे कैसे आराम आ जाता ! बाकी चिह्नों से भी उसके यहाँ होने का कोई प्रमाण नहीं मिलता।

१३. 'दग्धेति ब्रुवता पूर्वं वञ्चितोऽस्मि रुमण्वता।

[पृ० ११६, प० १२]

स्वप्न के अन्त में वासवदत्ता को देखकर राजा को निश्चय हो जाता है कि वह मरी नहीं है। अवश्य उसके साथ कोई गहरी चाल चली जा रही है। विदूषक राजा की इस बात को नहीं मानता। तब राजा ज़ोर देकर कहता है कि 'जल गई है' यह कह कर रुमण्वान् ने मेरे साथ धोखा किया है'। अवश्य ही यह कोई षड्यन्त्र होगा, जिसका रुमण्वान् को ज्ञान होगा।

छठा अङ्क

१४ कलत्रदर्शनार्हं जनं कलत्रदर्शनात् परिहरतीति बहुदोष-मुत्पादयति'। [पृ० १३१, पं० १६]

उज्जयिनी से सदेश लेकर रैभ्य नामक कञ्चुकी और धात्री वसुन्धरा के आने पर, उदयन पद्मावती के साथ उनसे मिलना चाहता था। पद्मा-वती इस विचार से सहमत न थी। वह समझती थी कि राजा का दूसरा विवाह हो जाने से ऐसा करना उनके लिए दुःख का कारण बनेगा। इस पर उदयन उसे समझाता है कि—'पत्नी को देखने योग्य पुरुषों को पत्नी

देखने से परे रखता है, इस कारण बहुत बुराई होगी'। वासवदत्ता मर तो अवश्य गई है, परन्तु उसके बन्धुओं से सम्बन्ध तो नहीं टूट गया। वासवदत्ता के बन्धुओं के लिए पद्मावती भी वैसी ही होनी चाहिए। इसलिए पत्नी को परे रखना अच्छा नहीं।

१५. प्रायेण हि नरेन्द्रश्री. सोत्साहैरेव भुज्यते। [पृ० १३५, पं० १०]

रैभ्य नामक कन्चुकी राजा को नष्ट राज्य के लौटा लेने पर बधाई देते हुए कहता है कि—'केवल उत्साहयुक्त पुरुष ही राजलक्ष्मी का उपभोग कर सकते हैं।' इस प्रकार कह कर वह राजा के साहस की प्रशंसा कर रहा है। यदि राजा साहस से काम न लेता तो किसी प्रकार भी शत्रु के हाथ में गया हुआ राज्य उसे वापिस न मिल सकता।

१६. 'एवं लोकस्तुल्यधर्मो वनाना काले काले छिद्यते रुह्यते च'।
[पृ० १३७, प० ३]

उज्जयिनी से आई हुई धात्री ने जब रानी अङ्गारवती की ओर से राजा की कुशल पूछी, तो राजा बहुत दुखी हुआ क्योंकि वासवदत्ता से वियुक्त होकर उसका सकुशल होना कैसे सम्भव हो सकता था! राजा की ऐसी अवस्था देखकर रैभ्य नामक कन्चुकी राजा को तसल्ली देते हुए कहता है कि—'मनुष्य का स्वभाव तो वृक्षों के समान है। जिस प्रकार समय आने पर वृक्ष उगते और काटे जाते हैं, उसी प्रकार मनुष्य भी मरते और उत्पन्न होते हैं। संसार की गति ऐसी ही है। इसलिए आपको वासवदत्ता का शोक नहीं करना चाहिए, क्योंकि उसका समय आगया था।'

१७. 'साक्षिमन्न्यासो निर्यातयितव्य.'। [पृ० १४३, पं० २२]

जब यौगन्धरायण धरोहर रखी हुई अपनी बहन को वापस लेने के लिए आता है और पद्मावती उसे लौटाने लगती है तो राजा कहता है कि—'धरोहर गवाह के सामने लौटानी चाहिए'। राजा शास्त्र के नियमों को जानता है और समझता है कि इस प्रकार की विचित्र धरोहर के सम्बन्ध में झगड़ा उत्पन्न होने पर केवल गवाह ही सत्यासत्य का निर्णय करा सकता है।

१८ अर्थिस्वं नाम शरीरमपराध्यति। [पृ० १४६, पं० १२]

जब वासवदत्ता के असली रूप का पता लग जाता है, तो पद्मावती उसे अपनी बड़ी बहन समझ कर प्रणाम करती है और यह कहते हुए क्षमा मांगती है कि "मैंने अनजान में आप से सखी जैसा व्यवहार करने से शिष्टाचार का उल्लंघन किया है।" इसके उत्तर में वासवदत्ता कहती है—"मेरा अपना शरीर ही अपराधी है" तुम्हारा इसमें कोई दोष नहीं। भाव यह है कि यदि अपना रूप छिपा कर मैं तुम्हारे पास न रहती तो इस प्रकार की परिस्थिति कभी उपस्थित ही न होती। इसलिए तुम सर्वथा निर्दोष हो।

नाटक-सम्बन्धी परिभाषाएँ

नान्दी—यह मङ्गलाचरण का पद्य होता है। नाटक के आरम्भ से पूर्व निर्विघ्न समाप्ति की इच्छा से जो देवता, ब्राह्मण, राजा अथवा किसी महापुरुष की स्तुति की जाती है, उसे 'नान्दी' कहते हैं।

स्वप्नवासवदत्त में 'उदयनवेन्दु०' इत्यादि पद्य नान्दी के समान अवश्य है, परन्तु नाटककार ने इसे नान्दी नहीं माना है। यहाँ सूत्रधार पहले प्रवेश करता है और उपर्युक्त मङ्गल पद्य पढ़ता है। यह भास का भिन्न क्रम है। अन्यत्र ऐसा उदाहरण नहीं मिलता।

सूत्रधार—नाटक के सम्पूर्ण कार्यों के चलाने वाले व्यक्ति को सूत्र-धार कहते हैं। जहाँ पात्रों की वेषभूषा तथा अन्य बहुत से कार्य इसी पर निर्भर होते हैं, वहाँ रङ्गमञ्च के देवता की पूजा भी यही करता है।

नेपथ्य—जहाँ पर नट लोग वेषरचना करते हैं और मञ्च पर जाने तक प्रतीक्षा करते हैं। यह स्थान परदे के पीछे होता है और दर्शक इसे देख नहीं सकते।

प्रस्तावना—नान्दी के उपरान्त जो नटी, विदूषक अथवा पारि-पार्श्विक नाटक के खेलने से सम्बन्ध रखने वाली बातें सूत्रधार से कहते हैं और नाटक में होने वाली घटना तथा पात्र-प्रवेश की सूचना संकेत मात्र से देते हैं, उसे 'प्रस्तावना' कहा जाता है। भास के नाटकों में इस

का नाम 'स्थापना' दिया गया है। भास की स्थापना अत्यन्त संक्षिप्त है। यहाँ तक कि नाटककार का नाम-निर्देश तक भी नहीं है।

विष्कम्भक—(विष्कम्नाति कथाम् इति विष्कम्भक) यह अङ्क के प्रारम्भ में होता है। इसमें मध्यम तथा नीच श्रेणी के पात्र वार्तालाप द्वारा बीती हुई तथा आनेवाली घटनाओं का निर्देश करते हुए कथा को एक सूत्र में बाँधते हैं। यह दो प्रकार का होता है—शुद्ध तथा मिश्र। शुद्ध में मध्यम श्रेणी के पात्र भाग लेते हैं और मिश्र में नीच और मध्यम श्रेणी के। शुद्ध वाले पात्र प्रायः सस्कृत बोलते हैं और मिश्र वाले मिली-जुली अर्थात् संस्कृत और प्राकृत। स्वप्नवासवदत्त के छठे अङ्क में पहले मिश्र-विष्कम्भक आया है। जिन घटनाओं का अभिनय कवि अनावश्यक समझता है, उन्हीं का सकेत विष्कम्भक द्वारा कर देता है।

प्रवेशक—जहाँ दो अङ्कों की भूत और भविष्यत्काल की घटनाओं को दो नीच पात्रों द्वारा एक सूत्र में बाँधा जाता है, वहाँ 'प्रवेशक' होता है। इसकी भाषा प्राकृत होती है। अन्य सभी बातों में विष्कम्भक के समान होता है।

कञ्चुकी—अन्तःपुर में नियुक्त बूढ़े सेवक को कञ्चुकी कहते हैं। यह सत्यवादी, कामविकार से रहित, शुद्ध चरित वाला तथा काम-काज में चतुर होता है। 'कञ्चुक' लम्बे चोगे को कहते हैं और चोगा धारण करने से ही इसका ऐसा नाम पड़ा है।

विदूषक—यह नाटक के नायक का धर्मसचिव होता है। ब्राह्मण होते हुए भी यह प्राकृतभाषी है। विचित्र वेष धारण करने से, अनोखी चेष्टाओं और अंगविकारों से हँसी उत्पन्न करता है। यह प्राय भोजन-प्रिय होता है।

स्वगत या आत्मगत—जब कोई पात्र अपने-आप मे बात करता है और दूसरों को सुनाना नहीं चाहता, तब इसका प्रयोग किया जाता है। आजकल इसे अस्वाभाविक समझा जाता है। इतनी दूर बैठे हुए दर्शकों का सुन लेना और पास वाले व्यक्ति का न सुनना असम्भव प्रतीत होता है।

अपवारित या अपवार्य—जब एक पात्र इस प्रकार से बात करे

१८. अर्थिस्त्वं नाम शरीरमपराध्यति। [पृ० १४६, पं० १२]

जब वासवदत्ता के असली रूप का पता लग जाता है, तो पद्मावती उसे अपनी बड़ी बहन समझ कर प्रणाम करती है और यह कहते हुए क्षमा मांगती है कि "मैंने अनजान में आप से सखी जैसा व्यवहार करने से शिष्टाचार का उल्लंघन किया है।" इसके उत्तर में वासवदत्ता कहती है—"मेरा अपना शरीर ही अपराधी है" तुम्हारा इसमें कोई दोष नहीं। भाव यह है कि यदि अपना रूप छिपा कर मैं तुम्हारे पास न रहती तो इस प्रकार की परिस्थिति कभी उपस्थित ही न होती। इसलिए तुम सर्वथा निर्दोष हो।

नाटक-सम्बन्धी परिभाषाएँ

नान्दी—यह मङ्गलाचरण का पद्य होता है। नाटक के आरम्भ से पूर्व निर्विघ्न समाप्ति की इच्छा से जो देवता, ब्राह्मण, राजा अथवा किसी महापुरुष की स्तुति की जाती है, उसे 'नान्दी' कहते हैं।

स्वप्नवासवदत्त में 'उदयनवेन्दु०' इत्यादि पद्य नान्दी के समान श्रव्य है, परन्तु नाटककार ने इसे नान्दी नहीं माना है। यहाँ सूत्रधार पहले प्रवेश करता है और उपर्युक्त मङ्गल पद्य पढ़ता है। यह भास का भिन्न क्रम है। अन्यत्र ऐसा उदाहरण नहीं मिलता।

सूत्रधार—नाटक के सम्पूर्ण कार्यों के चलाने वाले व्यक्ति को सूत्र-धार कहते हैं। जहाँ पात्रों की वेषभूषा तथा अन्य बहुत से कार्य इसी पर निर्भर होते हैं, वहाँ रङ्गमञ्च के देवता की पूजा भी यही करता है।

नेपथ्य—जहाँ पर नट लोग वेषरचना करते हैं और मञ्च पर जाने तक प्रतीक्षा करते हैं। यह स्थान परदे के पीछे होता है और दर्शक इसे देख नहीं सकते।

प्रस्तावना—नान्दी के उपरान्त जो नटी, विदूषक अथवा पारि-पार्श्विक नाटक के खेलने से सम्बन्ध रखने वाली बातें सूत्रधार से कहते हैं और नाटक में होने वाली घटना तथा पात्र-प्रवेश की सूचना संकेत मात्र से देते हैं, उसे 'प्रस्तावना' कहा जाता है। भास के नाटकों में इस

समान सहनशील है। सन्तोष का तो कहना ही क्या, पति के प्रेम को उसी के मुख से सुनकर तो उसे बड़ी प्रसन्नता होती है और 'दत्तं वेतनमस्य परिखेदस्य' इत्यादि कहते हुए सारी विपत्तियों को भूल जाती है। उसे अपने पति के दूसरे विवाह को देखकर कुछ समय के लिए कुछ उदासी तो अवश्य आती है, परन्तु वह पतिप्रेम की सरिता में तत्काल ही डूब जाती है।

पद्मावती को लीजिए। वह भी सुन्दरी, लज्जावती तथा माधुर्य और प्रेम की मूर्ति है। उसको द्वेष छू तक भी नहीं गया। इस दृष्टि से तो वह वासवदत्ता से भी बढ़ जाती है। जब राजा विदूषक के पूछने पर स्पष्ट रूप से वासवदत्ता के प्रति विशेष प्रेम स्वीकार करता है, तब पद्मावती की चेटी राजा के इस व्यवहार पर बहुत असन्तोष प्रकट करती है। परन्तु पद्मावती के मन में ज़रा भी खेद नहीं होता बल्कि वह प्रसन्न होती है और यह कहते हुए 'सदाक्षिण्य एव आर्यपुत्र य इदानी-मप्यार्याया वासवदत्ताया गुणान् स्मरति' राजा की प्रशंसा करती है।

विनय तथा नम्रता की दृष्टि से भी पद्मावती का चरित्र अपनी समता नहीं रखता। जब उसे वासवदत्ता के वास्तविक स्वरूप का पता लगता है तो वह घबराती है और नम्रतापूर्वक क्षमा माँगती है कि कहीं उससे अनजान में कोई अपराध न हो गया हो। यह उसके चरित्र की बड़ी भारी विशेषता है।

अन्य बातों में चाहे पद्मावती वासवदत्ता के समान ही मानी जाय परन्तु महान् त्याग और कठिन विपत्ति में सब कुछ सह लेना आदि ऐसे गुण हैं जो वासवदत्ता को नायिका होने के योग्य बनाते हैं।

(२) स्वप्नवासवदत्त के आधार पर भारत की उस समय की धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का वर्णन कीजिए।

जहाँ तक भासकालीन भारत की धार्मिक स्थिति का सम्बन्ध है, स्वप्नवासवदत्त से हमें बहुत कम ज्ञान प्राप्त होता है। नाटक का प्रारम्भिक श्लोक इस विषय पर थोड़ा-सा प्रकाश डालता है। इस अधिक

कि केवल वही पुरुष सुन सके जिसे वह अपनी बात सुनाना चाहता हो, तब उसे 'अपवारित' अथवा 'अपवार्य' करते हैं।

आकाशभाषित—जब एक पात्र स्वयं प्रश्न करके उसका उत्तर 'क्या कहते हो' इन शब्दों से आरम्भ करे मानो जिस प्रकार वह आकाश से सुन रहा हो, तब उसे 'आकाशभाषित' कहते हैं।

प्रकाश—स्वगत तथा अपवारित के बाद जब सबको सुनाने के लिए बात की जाती है, तब उसे 'प्रकाश' कहते हैं।

प्रतीहारी—प्रतीहारी द्वाररक्षिका को कहा जाता है।

भरतवाक्य—नाटक की समाप्ति पर, जो दर्शकों के कल्याण की कामना की जाती है अथवा उन्हें आशीर्वाद दिया जाता है, उसे 'भरतवाक्य' कहते ।

परीक्षा-सम्बन्धी प्रश्न

पद्मावती और वासवदत्ता के चरित्रों का तुलनात्मक परिचय दो।

पद्मावती और वासवदत्ता इन दोनों के चरित्रों की तुलना करते हुए, यह कहना इतना सरल नहीं कि इन दोनों में से किसका स्थान अधिक ऊँचा है। जिसके गुणों को देखो, बढ़चढ़कर दिखलाई देती है। इसमें सन्देह नहीं कि बड़ी होने से अथवा महान् त्याग करने से वासवदत्ता नायिका के पद को प्राप्त करती है, परन्तु जहाँ तक स्वभाव तथा अन्य गुणों का सम्बन्ध है, पद्मावती भी उससे कदाचित् पीछे नहीं रहती।

वासवदत्ता का सौंदर्य, सहनशीलता, आत्मगौरव तथा पतिप्रेम सर्वथा श्लाघ्य है। जिस परीक्षा में वह अपने-आपको डाल देती है वह एक स्त्री के लिए अत्यन्त कठिन है। जिस प्रकार वासवदत्ता ने अज्ञात-वास स्वीकार करके अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी है, इस प्रकार का उदाहरण किसी भी इतिहास में मिलना कठिन है। स्वामी की भलाई ही उसका एकमात्र लक्ष्य है। एक पतिव्रता स्त्री के लिए इससे बढ़कर और क्या हो सकता है? वह समुद्र के समान गम्भीर और पृथ्वी के

समान सहनशील है। सन्तोष का तो कहना ही क्या, पति के प्रेम को उसी के मुख से सुनकर तो उसे बड़ी प्रसन्नता होती है और 'दत्तं वेतनमस्य परिखेदस्य' इत्यादि कहते हुए सारी विपत्तियों को भूल जाती है। उसे अपने पति के दूसरे विवाह को देखकर कुछ समय के लिए कुछ उदासी तो अवश्य आती है, परन्तु वह पतिप्रेम की सरिता में तत्काल ही डूब जाती है।

पद्मावती को लीजिए। वह भी सुन्दरी, लज्जावती तथा माधुर्य और प्रेम की मूर्ति है। उसको द्वेष छू तक भी नहीं गया। इस दृष्टि से तो वह वासवदत्ता से भी बढ़ जाती है। जब राजा विदूषक के पूछने पर स्पष्ट रूप से वासवदत्ता के प्रति विशेष प्रेम स्वीकार करता है, तब पद्मावती की चेटी राजा के इस व्यवहार पर बहुत असन्तोष प्रकट करती है। परन्तु पद्मावती के मन में ज़रा भी खेद नहीं होता बल्कि वह प्रसन्न होती है और यह कहते हुए 'सदाक्षिण्य एव आर्यपुत्र. य इदानीमप्यार्याया वासवदत्ताया गुणान् स्मरति' राजा की प्रशंसा करती है।

विनय तथा नम्रता की दृष्टि से भी पद्मावती का चरित्र अपनी समता नहीं रखता। जब उसे वासवदत्ता के वास्तविक स्वरूप का पता लगता है तो वह घबराती है और नम्रतापूर्वक क्षमा माँगती है कि कहीं उससे अनजान में कोई अपराध न हो गया हो। यह उसके चरित्र की बड़ी भारी विशेषता है।

अन्य बातों में चाहे पद्मावती वासवदत्ता के समान ही मानी जाय परन्तु महान् त्याग और कठिन विपत्ति में सब कुछ सह लेना आदि ऐसे गुण हैं जो वासवदत्ता को नायिका होने के योग्य बनाते हैं।

(२) स्वप्नवासवदत्त के आधार पर भारत की उस समय की धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का वर्णन कीजिए।

जहाँ तक भासकालीन भारत की धार्मिक स्थिति का सम्बन्ध है, स्वप्नवासवदत्त से हमें बहुत कम ज्ञान प्राप्त होता है। नाटक का प्रारम्भिक श्लोक इस विषय पर थोड़ा-सा प्रकाश डालता है। हम अधिक

जी नहीं, पर इतना अवश्य कह सकते हैं कि उन दिनों बलदेव-पूजा का प्रचार था। कृष्ण जी के स्थान पर बलदेव जी को विष्णु का अवतार माना जाता था। चतुर्थ अङ्क में विदूषक के कथनानुसार स्वर्ग और अप्सराओं का भी विवरण मिलता है जिससे उन दिनों भी लोग स्वर्ग और अप्सराओं के विषय में विश्वास रखते थे, ऐसा प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त वेदों का पठन-पाठन तथा ईश्वर-भक्ति के लिए तपोवन में निवास इत्यादि बातों का भी पता चलता है जिससे लोगों का जीवन अवश्य धर्म के अनुसार विकास को प्राप्त होता होगा, ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है।

सामाजिक स्थिति के विषय में भी कुछेक बातें ज्ञात होती हैं। वर्णाश्रम-व्यवस्था पर पूरी तरह चलने के उदाहरण मिलते हैं। पत्नी और पति का जीवन आदर्श जीवन होता था। स्त्रियाँ पतिव्रता और धार्मिक होती थीं। राजाओं में एक से अधिक विवाह करने की प्रथा थी। गान्धर्व-विवाह भी प्रचलित था। स्त्रीशिक्षा का भी प्रचार था। स्त्रियों को पढ़ने-लिखने की शिक्षा के अतिरिक्त ललित कलाओं—वीणा बजाना तथा संगीत आदि—की भी शिक्षा दी जाती थी।

राजनीतिक अवस्था इतनी सुधरी हुई नहीं थी। देश अनेक भागों में विभक्त था। एक राजा दूसरे राजा को दबाने की फ़िकर में रहता था। मगध, मालव और वत्स राज्यों का वर्णन मिलता है। राजा लोग बड़ी-बड़ी सेनाएँ भी रखते थे। सेना के सञ्चालक को सेनापति कहते थे। सेना के चार भाग—पैदल, हाथी, रथ और घोड़े हुआ करते थे। युद्ध की दृष्टि से अधिक उन्नति नहीं थी। अस्त्र-शस्त्रों का विशेष उल्लेख नहीं मिलता। केवल बाणों से युद्ध होता था। परन्तु फिर भी युद्ध की कूट-नीति से राजा लोग पूर्णतया परिचित थे। "भिन्नास्ते रिपवो भवद्‌गुण-रता पौरा समाश्वासिता." इत्यादि श्लोक से पता चलता है कि सेना-सम्बन्धी सारी आवश्यक बातों को ध्यान में रखकर शत्रु पर आक्रमण किया जाता था। सेना-संचालन भी अपने ही ढंग का था।

(३) इस नाटक का नाम स्वप्नवासवदत्त क्यों रखा गया ?

इस नाटक की सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण घटना स्वप्न दृश्य है। नाटककार ने इस दृश्य को सफल बनाने में किसी प्रकार की भी कमी नहीं रही। इस दृश्य को कवि ने ऐसे चातुर्य से प्रस्तुत किया है कि राजा वासवदत्ता को देख लेने पर भी नहीं देखता। उसे वासवदत्ता के जीवित होने का सन्देह अवश्य हो जाता है और किसी हद तक विश्वास भी हो जाता है। नाटकीय दृष्टि से इसीलिए यह दृश्य भास को अधिक पसन्द आया है। इस दृश्य से ही नायक और नायिका के मिलने की आशा दिखाई देने लगती है। इसी दृश्य के कारण ही राजा अन्त में बिना किसी विशेष असमंजस के वासवदत्ता को स्वीकार कर लेता है। नाटककार यदि नायक और नायिका के अन्तिम मिलन से पहले यह भूमिका न बाँधता तो इतनी अच्छी तरह अन्तिम मिलन होना अस्वाभाविक-सा जान पड़ता और नाटक के सौन्दर्य के लिए हानिकारक होता। राजा को वासवदत्ता की चरित्रशुद्धि के विषय में इस दृश्य के कारण विश्वास हो जाता है, और कोई भी बात ऐसी नहीं रहती जो नाटक की प्रगति के लिए बाधक हो सके।

(४) स्वप्नवासवदत्त के प्रथम अङ्क में ब्रह्मचारी को लाने में नाटकीय महत्त्व क्या है ? ब्रह्मचारी के आगमन से कथा के प्रवाह में कैसे सहायता मिलती है ?

यौगन्धरायण के कहने के अनुसार यद्यपि वासवदत्ता ने अज्ञातवास करना स्वीकार कर लिया, तो भी पद-पद पर उसका मन डाँवाडोल हो रहा था। वह यौगन्धरायण के साथ तपोवन में चली आई, परन्तु तरह-तरह के बुरे विचार उसको बार-बार चिन्तित कर रहे थे। उसकी व्याकुलता का सबसे बड़ा कारण उदयन था। उसे सन्देह था कि कहीं वह वियोग के कारण प्राण ही न दे दे। ऐसी परिस्थिति में ब्रह्मचारी आता है और लावाणक ग्राम की घटना बता कर राजा के शोक का वर्णन करता है। वासवदत्ता पहले तो बहुत घबरा जाती है, परन्तु यह

जान कर कि अब रुमण्वान् मन्त्री की सहायता से राजा की अवस्था सुधार रही है, वह ठण्डी साँस लेती है। ब्रह्मचारी के इस वर्णन से, एक तो वासवदत्ता के मन में राजा के प्रेम की सत्यता का सिक्का बैठ जाता है और दूसरे वह राजा के विषय में निश्चिन्त हो जाती है।

उपर्युक्त घटना का प्रभाव न केवल वासवदत्ता पर ही पड़ता है, बल्कि पद्मावती पर भी। इसी वर्णन को सुनकर पद्मावती के मन में राजा के प्रति प्रेम का बीज अंकुरित होता है। ब्रह्मचारी के मुख से राजा की प्रशंसा सुनकर उसे विश्वास हो जाता है कि राजा अवश्य ही सर्वगुण-सम्पन्न और प्रेमी है। राजा की विपत्ति के कारण पद्मावती का सुकुमार हृदय हाहाकार करने लगता है। यहाँ तक कि वह 'मोह गत इति श्रुत्वा शून्यमिव मे हृदयम्' कहने के लिए विवश हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के लिए जिसे अभी तक उसने देखा तक भी नहीं, ऐसे शब्दों का प्रयोग उसके हृदय की कोमलता को व्यक्त करता है।

ब्रह्मचारी के प्रवेश के कारण वासवदत्ता के सन्देह दूर हो जाते हैं और पद्मावती के मन में राजा के प्रति अनुराग उत्पन्न हो जाता है। यौगन्धरायण को भी रुमण्वान् की स्वामि-भक्ति का परिचय जाता है। इसलिए तीनों अपने-अपने कर्तव्य-पथ पर निःशङ्क होकर चलने लगते हैं। कथा-प्रवाह वेग से आगे की ओर बढ़ने लगता है। यदि ब्रह्मचारी का प्रवेश न कराया जाता तो होने वाली घटनाओं के लिए भूमि तैयार न होती और कथा किसी भिन्न दिशा की ओर ही वह निकलती।

(५) वासवदत्ता को पद्मावती के हाथो सौंपने में यौगन्धरायण ने क्या भलाई सोची थी?

जब उदयन के राज्य का बहुत-सा भाग उसके शत्रु आरुणि ने छीन लिया तो उसके मन्त्री रक्षा का उपाय सोचने लगे। परिस्थिति इतनी बिगड़ चुकी थी कि अकेले शत्रु का सामना करना कठिन था। केवल एक ही उपाय था—राजा का मगधराज की बहन पद्मावती से विवाह। ऐसी अवस्था में मगधराज से सैनिक सहायता मिलने पर नष्ट राज्य लौटाया जा

सकता था। परन्तु वासवदत्ता के जीवित रहते हुए विवाह सम्भव नहीं था। इसलिए वासवदत्ता को थोड़े समय के लिए रास्ते से हटाने की आवश्यकता थी। उसे किसी के पास धरोहर रखकर मृत घोषित कर देने से सब काम ठीक हो सकता था। परन्तु किसके पास रखा जाय यह एक विकट समस्या थी। यौगन्धरायण ने सोचा कि यदि पद्मावती के के पास रखा जाय तभी ठीक हो सकता है अन्यथा नहीं। किसी और के पास रखने से वासवदत्ता के चरित्र के विषय में सन्देह उत्पन्न हो सकता है। परन्तु पद्मावती के साथ राजा का विवाह हो जाने पर जब वासवदत्ता का भेद खुलेगा तो पद्मावती चरित्र-शुद्धि का विश्वास दिला सकेगी। इस अवस्था में राजा को वासवदत्ता के स्वीकार करने में किसी प्रकार की भी आपत्ति नहीं होगी।

दूसरे वासवदत्ता का प्रच्छन्न वेष में पद्मावती के पास रहना और बातों के लिए भी अच्छा था। दोनों में सखी-भाव हो जाने के कारण उनके भविष्य जीवन के भी सुखमय होने की सम्भावना थी। ऐसी अवस्था में पद्मावती को छोड़कर और किसी के पास वासवदत्ता को रखना कदापि अनुकूल नहीं कहा जा सकता था।

चुनी हुई सुभाषितावलि

अकरुणाः खल्वीश्वरा ।

अभित एव तेऽद्य वरमुखं पश्यामि ।

अनतिक्रमणीयो हि विधिः ।

अनिर्ज्ञातानि दैवतान्यवधूयन्ते ।

अन्यासनपरिग्रहेणाल्प इव स्नेहः प्रतिभाति ।

अर्थिस्वं नाम शरीरमपराध्यति ।

अज्ञातवासोऽप्यत्र बहुगुणः सम्पद्यते ।

अयुक्तं परपुरुषकीर्तनं श्रोतुम् ।

अस्य स्निग्धस्य वर्णस्य विपत्तिर्दारुणा कथम् ।

श्रद्धा खल्वियमाकृतिरस्य वहुमानस्य ।

आगमप्रधानानि सुलभपर्यवस्थानानि महापुरुषहृदयानि भवन्ति ।

एव लोकस्तुल्यधर्मो वनाना काले काले छिद्यते रुह्यते च ।

क. क शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले ।

कलत्रदर्शनार्हं जनं कलत्रदर्शनात् परिहरतीति वहुदोषमुत्पादयति ।

कालक्रमेण जगत. परिवर्तमाना चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्ति ।

कातरो येऽप्यशक्ता वा नोत्साहस्तेषु जायते ।

तथा परिश्रम परिखेदं नोत्पादयति यथायं परिभव. ।

तस्मिन् सर्वमधीनं हि यत्राधीनो नराधिप. ।